शुक्रवार, 7 मार्च 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 31 – 20 |
| आर्द्रता | 57% |
| सूर्योदय: 5:52 | सूर्यास्त: 17:42 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : हार मत मानो हमेशा अगला मौका जरूर आता है।



अगर लगता है कि होली के रंग से धर्म भ्रष्ट होता है तो उस दिन घर से न निकलें: संभल के सीओ –पृष्ठ 6

# खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों ने लंदन में विदेश मंत्री के काफिले को निशाना बनाया

**लंदन/नयी दिल्ली :** लंदन में खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहे प्रदर्शनकारियों के एक छोटे समूह में शामिल एक व्यक्ति ने उस समय सुरक्षा घेरा तोड़कर विदेश मंत्री एस जयशंकर की कार को रोकने का प्रयास किया जब वह थिंक टैंक 'चैथम हाउस' के मुख्यालय से बाहर निकल रहे थे। भारत ने ''अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह'' की भड़काऊ गतिविधियों की निंदा की है। अलगाववादियों के झंडे लहरा रहे समूह को रोकने के लिए बुधवार रात को अवरोधक लगाए गए थे और बड़ी संख्या में मौजूद पुलिसकर्मियों की उन पर नजर थी। तभी भारत का झंडा पकड़े एक व्यक्ति ने अवरोधकों को पार करके मंत्री की कार का रास्ता रोकने की कोशिश की और अधिकारी उसे पकड़ने के लिए दौड़े। मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारी उसे तुरंत एक तरफ ले गए। इस मामले में अब तक किसी को गिरफ्तार किए जाने की सूचना नहीं है। सामुदायिक संगठन 'इनसाइट यूके' ने इस घटना का फुटेज सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा, ''यह शर्मनाक है कि यह हमला उस समय हुआ है जब डॉ. एस जयशंकर ब्रिटेन की यात्रा पर हैं और उन्होंने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ सफल बैठक की जहां उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई।'' नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा में चूक की इस घटना की निंदा की और ब्रिटिश सरकार से ''अपने राजनयिक दायित्वों का पालन

## भारत ने निंदा की

करने'' का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा संबंधी चूक की घटना के फुटेज देखे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की, उकसावे वाली गतिविधियों की निंदा करते हैं।'' जायसवाल ने कहा, ''हम ऐसे तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग किए जाने की निंदा करते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि ऐसे मामलों में मेजबान सरकार अपने कूटनीतिक दायित्वों का पूरी तरह से पालन करेगी।''

### भारत ने ब्रिटेन के प्रभारी राजनयिक को बुलाकर दर्ज कराई आपत्ति

विदेश मंत्री एस जयशंकर की लंदन में सुरक्षा चूक को लेकर भारत ने नई दिल्ली में ब्रिटेन के प्रभारी राजनयिक को तलब कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। सूत्रों ने बताया कि ब्रिटिश उच्चायोग के प्रभारी राजनयिक को विदेश मंत्रालय में बुलाया गया। इस दौरान विदेश मंत्री की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर भारत ने प्रभारी राजनयिक को आपत्तिपत्र दिया।

### यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है– ब्रिटेन

ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं जो चाथम हाउस के बाहर विदेश मंत्री के ब्रिटेन दौरे के दौरान हुई।' उन्होंने कहा, 'ब्रिटेन शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार बनाए रखता है, लेकिन किसी भी तरह से धमकाने, डराने या सार्वजनिक कार्यक्रमों को बाधित करने की कोशिश पूरी तरह से अस्वीकार्य है।'

## 'कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी से कश्मीर मुद्दे का समाधान हो जाएगा', जयशंकर की दो टूक



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कश्मीर की स्थिति और भारत सरकार की ओ से उठाए गए कदमों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना, कश्मीर में विकास व आर्थिक गतिविधि, सामाजिक न्याय की बहाली और साथ ही केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने जैसे मुद्दों पर बात की। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर का केवल वह हिस्सा समस्याओं के पूर्ण समाधान से बचा हुआ है, जो भारत के पड़ोसी पाकिस्तान के कब्जे में है, जिस पर पड़ोसी मुल्क ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। उसकी वापसी से हर चीज का समाधान हो जाएगा। उन्होंने लंदन के चैथम हाउस में बोलते हुए यह टिप्पणी की। कश्मीर के मुद्दों के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'देखिए, कश्मीर में वास्तव में हमने बहुत अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि हमने इसके अधिकांश मुद्दों को हल करने का काम किया है। मुझे लगता है कि अनुच्छेद 370 को हटाना पहला कदम था। फिर कश्मीर में विकास और आर्थिक गतिविधि और सामाजिक न्याय को बहाल करना, यह दूसरा कदम था। चुनाव कराना, जिसमें बहुत अधिक मतदान हुआ, लोगों ने बड़ी संख्या में चुनाव प्रकिया में हिस्सा लिया और हर वर्ग ने मतदान किया, यह तीसरा कदम था। मुझे लगता है कि हम जिस हिस्से का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है, जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। जब यह हो जाएगा, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं। कश्मीर का समाधान हो जाएगा।'

### कश्मीर पर जयशंकर की टिप्पणी 'बेबुनियाद' : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने कश्मीर के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी को ''बेबुनियाद'' बताते हुए बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। साथ ही इस मुद्दे के समाधान की मांग की। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में जयशंकर की इस टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारत से कश्मीर के उस हिस्से को खाली करने को कहा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। खान ने कहा, ''हम पांच मार्च को लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत के विदेश मंत्री की ओर से की गई टिप्पणी को खारिज करते हैं।''

## सीबीआई का दावा, अभिषेक की कंपनी के कार्यालय में जमा की गई थी शिक्षक भर्ती घोटाले की वसूली गई राशि

■ न्यायाधीश के समक्ष गवाहों ने दिए गुप्त बयान

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में दावा किया है कि अभ्यर्थियों से वसूली गई रिश्वत की राशि लिप्स एंड बाउंड्स (टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की कंपनी) के कार्यालय व मुख्य आरोपितों में एक सुजयकृष्ण भद्र के कोलकाता के बेहाला स्थित घर में जमा की गई थी। बता दें कि सुजयकृष्ण लिप्स एंड बाउंड्स का पूर्व वरिष्ठ अधिकारी है। सीबीआई ने सुजयकृष्ण भद्र, शांतनु बनर्जी और अरुण हाजरा के खिलाफ बैंकशाल कोर्ट की विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। सीबीआई के मुताबिक, गवाहों ने अपने गोपनीय बयानों में कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों के बीएलएड और डीएलएड निजी कॉलेजों के माध्यम से 2014 टीईटी उत्तीर्ण नहीं करने वाले अयोग्य उम्मीदवारों को नौकरी देने का वादा करके करोड़ों रुपये एकत्र किए गए थे। यह राशि पहले पूर्व टीएमसी नेता कुंतल घोष के कोलकाता के न्यू टाउन स्थित फ्लैट में जमा की गई थी। वहां नोटों की गिनती के लिए मशीन रखी गई थी। इसके बाद, कुंतल घोष और शांतनु बनर्जी के माध्यम से इसे सुजयकृष्ण के घर व लीप्स एंड बाउंड्स के कार्यालय में जमा किया गया। कुंतल के करीबी लोगों तथा उसके कर्मचारियों ने इस संबंध में न्यायाधीश के समक्ष गुप्त बयान दिए हैं। जांचकर्ताओं का दावा है कि गवाहों के गुप्त बयानों को अदालत में स्वीकार्य साक्ष्य के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

### ऑडियो क्लिप में अनेक बार अभिषेक का नाम

सीबीआई के हाथ लगी ऑडियो क्लिप में सुजयकृष्ण की कुंतल घोष व शांतनु बनर्जी के साथ बातचीत शामिल है। इस बातचीत में अनेक बार अभिषेक बनर्जी के नाम का उल्लेख किया गया है। हालांकि, इस अभिषेक बनर्जी की पहचान अथवा पूरा परिचय नहीं दिया गया है।

## जादवपुर यूनिवर्सिटी हिंसा : शिक्षा मंत्री और एक प्रोफेसर समेत तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर यूनिवर्सिटी में हुई हिंसा को लेकर पांच दिन बाद पुलिस ने शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु, प्रोफेसर ओमप्रकाश मिश्रा और शिक्षा मंत्री के ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सूत्रों के अनुसार, यह मामला हत्या की कोशिश करने के धारा के तहत दर्ज किया गया है। यह घटना 1 मार्च को जादवपुर यूनिवर्सिटी में वेबिनार की वार्षिक आम सभाके दौरान हुई। आरोप है कि वामपंथी छात्र संगठनों ने सुबह से ही परिसर में अशांति फैलाने की कोशिश की। दोपहर में हालात और बिगड़ गए, जब तृणमूल समर्थित शिक्षाबंधु समिति के कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। इसी दौरान जब शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु यूनिवर्सिटी पहुंचे, तो उनकी कार के टायर की हवा निकाल दी गई। धक्का-मुक्की के कारण मंत्री खुद घायल हो गए, जबकि दो छात्र भी चोटिल हुए। आरोप यह भी है कि इंद्रानुज नामक एक छात्र मंत्री की कार के टायर की चपेट में आकर घायल हुए। बाद में उसने जादवपुर थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद बुधवार को कोलकाता हाईकोर्ट ने पुलिस को कड़ी फटकार लगाई और पूछा कि इंद्रानुज राय की शिकायत पर एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई। हाई कोर्ट की इस फटकार के बाद पुलिस ने जादवपुर कांड में एफआईआर दर्ज कर हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## अप्रैल में तय करेंगे, ईडी की शक्तियों से जुड़े फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत है या नहीं : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अप्रैल में तय करेगा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोपियों की गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्तियों को बरकरार रखने वाले साल 2022 के उसके फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत है या नहीं। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ को मामले की सुनवाई करनी थी, लेकिन इसे गलत तरीके से उसके समक्ष सूचीबद्ध कर दिया गया। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से सहमति जताई और कहा कि सुनवाई अप्रैल के अंत या मई के पहले सप्ताह में होनी चाहिए।

## करदाताओं ने 30,000 करोड़ से अधिक मूल्य की विदेशी संपत्ति, आय का किया खुलासा

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग के करदाताओं के बीच 'सबसे पहले भरोसा' बनाने के रुख के साथ किये गये प्रयासों का सकारात्मक असर हुआ है। इसके तहत 30,000 से अधिक करदाताओं ने 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी संपत्ति और आय की घोषणा की है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इस अभियान में करदाताओं के बीच 'सबसे पहले भरोसा' बनाने को तरजीह दी। इसके तहत विभाग ने 17 नवंबर, 2024 को एसएमएस और ईमेल भेजना शुरू किया। सूत्रों ने बताया कि विदेशी खातों में अधिक राशि रखने वाले या ब्याज अथवा लाभांश के रूप में अधिक विदेशी आय प्राप्त करने वाले कुल 19,501 करदाताओं से संपर्क किया गया। एसएमएस और ईमेल के जरिये करदाताओं से अपनी विदेशी संपत्ति और आय को सही ढंग से दर्शाने के लिए अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) को संशोधित करने का अनुरोध किया गया।आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस अभियान से 24,678 करदाताओं ने अपने आईटीआर की समीक्षा की और 5,483 करदाताओं ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए देरी से रिटर्न दाखिल किये। करदाताओं ने 29,208 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्ति और 1,089.88 करोड़ रुपये की 'अतिरिक्त' विदेशी आय घोषित की। कुल 6,734 करदाताओं ने आवासीय स्थिति को भी 'संशोधित' किया और निवासी से प्रवासी बने।


RED-X

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555


## राणा ने भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की

**न्यूयॉर्क :** मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा ने अमेरिका के उच्चतम न्यायालय में एक आपातकालीन अर्जी दायर कर उसके भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है। राणा ने दावा किया है कि पाकिस्तानी मूल का मुसलमान होने की वजह से उसे भारत में प्रताड़ित किया जाएगा। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा (64) फिलहाल लॉस एंजिल्स के एक महानगरीय हिरासत केंद्र में है। वह पाकिस्तानी -अमेरिकी आतंकवादी और 26/11 के मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रह चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उनके प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है, ताकि वह 26/11 के मुंबई हमले में संलिप्तता को लेकर भारत में मुकदमे का सामना कर सके।

## आरोप पत्र दाखिल नहीं हुआ तो व्यक्ति को समन जारी होने से पहले सुनवाई का अधिकार नहीं: न्यायालय

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि आरोप-पत्र में आरोपी के रूप में नामित न किये गये व्यक्ति को आपराधिक मुकदमे का सामना करने के लिए बुलाए जाने से पहले निचली अदालत में सुनवाई का अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि कहा कि यदि उच्च न्यायालय किसी व्यक्ति को आपराधिक मामले में आरोपी के रूप में समन भेजने के मुद्दे पर विचार करता है, जबकि निचली अदालत ने ऐसी याचिका खारिज कर दी है, तो प्रस्तावित अभियुक्त को सुनवाई का अधिकार है। पीठ दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 319 पर एक कानूनी प्रश्न पर विचार कर रही थी।

## भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत के बल पर दुनिया को रास्ता दिखा सकता है: भागवत

**सुपौल :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत के बल पर पूरी दुनिया को रास्ता दिखा सकता है। आरएसएस के ''सरसंघचालक'' ने उत्तर बिहार के सुपौल जिले में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के नए भवन का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। भागवत ने कहा, ''हमारी सभ्यता प्राचीन है। भारत, मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है जो पूरी दुनिया का मार्गदर्शन कर सकता है।'' उन्होंने कहा कि आरएसएस की शैक्षणिक शाखा विद्या भारती तथा ज्ञान और संस्कार प्रदान करने के लिए समर्पित है और उन्होंने अभिभावकों से बड़ी संख्या में अपने बच्चों को संगठन द्वारा संचालित स्कूलों में दाखिला दिलाने का आग्रह किया। भागवत ने बिहार के साथ अपने जुड़ाव के बारे



में भी बात की और क्षेत्रीय प्रचारक के रूप में बहुत पहले राज्य में बिताए छह साल के कार्यकाल को याद किया। उन्होंने कहा, ''जब भी मैं बिहार आता हूं, तो मुझे कई जगहों पर जाने का मन होता है, लेकिन समय की कमी के कारण मैं ऐसा कभी नहीं कर पाता।'' भागवत ने राज्य के लोगों की भी प्रशंसा की और कहा, ''बिहारवासी समर्पण, कड़ी मेहनत और पुरुषार्थ के प्रतीक हैं।''

## पूजा स्थल कानून के तहत धार्मिक चरित्र बदलने पर रोक की संवैधानिक वैधता को चुनौती

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के उस प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जिसके तहत किसी भी धर्म के पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त 1947 की स्थिति के अनुसार बनाए रखना अनिवार्य है। याचिका में शीर्ष अदालत से यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि अदालतों को किसी पूजा स्थल के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने के लिए उचित आदेश पारित करने की अनुमति दी जाए। याचिका में दावा किया गया है कि इसमें केवल अधिनियम की धारा 4(2) को चुनौती की गई है, जो किसी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बदलने की कार्यवाही के साथ-साथ उसी मुद्दे पर नये सिरे से मामला दायर करने पर रोक लगाती है। विधि छात्र नितिन उपाध्याय की ओर से दायर याचिका में कहा गया है, केंद्र सरकार ने अपनी विधायी शक्ति से परे जाकर न्यायिक उपचार पर रोक लगाई है, जो संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। यह सर्वविदित है कि सक्षम न्यायालय में मुकदमा दायर करके न्यायिक उपचार पाने के अधिकार पर रोक नहीं लगाई जा सकती और न्यायालयों की शक्ति को कम नहीं किया जा सकता है। यह भी सर्वविदित है कि इस तरह का इनकार विधायी शक्ति से परे है और इसे संविधान की मूल विशेषता का उल्लंघन माना गया है। अधिवक्ता श्वेता सिन्हा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि अधिनियम में पूजा स्थलों की संरचना, निर्माण या इमारत में परिवर्तन पर रोक लगाए बिना इनके धार्मिक चरित्र की रक्षा करने को अनिवार्य बनाया गया है।

## जंगलों से साफ हो रहा नक्सलवाद, लेकिन शहरी केंद्रों में जड़ें जमा रहा : मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जंगलों से नक्सलवाद का सफाया हो रहा है, लेकिन यह तेजी से शहरी इलाकों (अर्बन सेंटर्स) में जड़ें जमा रहा है और कुछ राजनीतिक दलों में आज यह विचारधारा पैठ जमा चुकी है। मोदी ने यहां एक समाचार चैनल की ओर से आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने लोगों की आकांक्षाओं को कुचल दिया है और लोगों ने भी उससे ज्यादा उम्मीदें रखना बंद कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से चीजें बदल गई हैं और पिछले दशक में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, आज का भारत बड़ी सोच रखता है, बड़े लक्ष्य तय करता है और बड़े परिणाम देता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश की मानसिकता बदल गई है। देश बड़ी आकांक्षाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सुरक्षा के मोर्चे पर कड़ी मेहनत की है और आतंकवादी हमले और आतंकवादियों के स्लीपर सेल



टेलीविजन की सुर्खियों से गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा, देश में नक्सलवाद भी अपने आखिरी पड़ाव पर है। विगत में 100 से अधिक जिले इस खतरे से बुरी तरह प्रभावित हुए थे। हालांकि, यह संख्या आज घटकर लगभग दो दर्जन जिलों तक रह गई है। उन्होंने कहा कि यह तब संभव हुआ जब सरकार ने जमीनी स्तर पर शासन देने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, सरकार के निर्णायक फैसलों से आज नक्सलवाद जंगल से तो साफ हो रहा है, लेकिन अब वो अर्बन सेंटर्स में पैर पसार रहा है। अर्बन नक्सलियों ने अपना जाल इतनी तेजी से फैलाया है कि जो राजनीतिक दल अर्बन नक्सल के विरोधी थे, जिनकी विचारधारा कभी गांधी जी से प्रेरित थी, जो भारत की जड़ों से जुड़ी थी, ऐसे राजनीतिक दलों में आज अर्बन नक्सल पैठ जमा चुका है। मोदी ने कहा, आज वहां अर्बन नक्सलियों की आवाज, उनकी ही भाषा सुनाई देती है। इसी से समझ सकते हैं कि इसकी जड़ें कितनी गहरी है। इसलिए हमें अर्बन नक्सलियों से सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि देश को यह याद रखना होगा कि अर्बन नक्सली हमारे विकास और विरासत के सख्त खिलाफ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए विरासत का विकास और संरक्षण दोनों आवश्यक है और हमें शहरी नक्सलियों से बचना होगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने उन लोगों की आकांक्षाओं को कुचल दिया है, जिन्होंने उससे उम्मीद करना बंद कर दिया था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश इस सोच से बाहर आ गया है कि वह डूबेगा और दुनिया को अपने साथ नीचे ले जाएगा और आज भारत की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनिया भर में आशा की एक नई लहर जगाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्दी ही यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह उल्लेख करते हुए कि भारत आज वैश्विक विकास को गति दे रहा है, उन्होंने कहा कि देश की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनिया भर में नई आशा दी है। उन्होंने कहा, खिलौनों से लेकर हथियारों तक, भारत पिछले 10 वर्षों में आत्मनिर्भर हो गया है और आयातक से निर्यातक बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि करीब 18 साल पहले 2007 में भारत की सालाना जीडीपी एक लाख करोड़ रुपये थी, जो पूरे साल की कुल आर्थिक गतिविधि का प्रतिनिधित्व करती है।




# तृणमूल की मतदाता सूची समिति की पहली बैठक में शामिल नहीं हुए अभिषेक




❑ 15 मार्च को पार्टी नेताओं के साथ वर्चुअल बैठक करेंगे अभिषेक

❑ बैठक में पार्टी ने जिलेवार कमेटी का किया गठन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतदाता सूची में कथित हेराफेरी की पड़ताल के लिए मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी द्वारा पिछले सप्ताह गठित पार्टी की एक विशेष मतदाता सूची समिति की गुरुवार को पहली बैठक हुई। तृणमूल भवन में हुई पहली ही बैठक से हालांकि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व ममता के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी अनुपस्थित रहे। अभिषेक की अनुपस्थिति को लेकर एक बार फिर पार्टी के भीतर अटकलें व चर्चा शुरू हो गई है। बैठक में उपस्थित एक वरिष्ठ नेता ने अभिषेक की अनुपस्थिति के बारे में पूछे पर कहा कि मुझे नहीं मालूम कि कौन आया और कौन नहीं आया। वहीं, बैठक में बताया गया कि अभिषेक आगामी 15 मार्च को शाम 4 बजे पार्टी नेतृत्व के सभी स्तरों के साथ मतदाता सूची के मुद्दे पर वर्चुअल बैठक करेंगे। राज्य समिति के सभी सदस्यों, सभी जिला अध्यक्षों और शाखा संगठन नेतृत्व को इसमें शामिल होने के लिए कहा गया है।

**❑ मतदाता सूची निरीक्षण के निष्कर्षों पर हुई चर्चा**

इधर, ममता द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने पार्टी के जिला पदाधिकारियों के साथ पहली बैठक में हाल ही में घर-घर जाकर मतदाता सूची की पड़ताल के निष्कर्षों पर चर्चा की। बैठक में शामिल विशेष समिति के सदस्यों में प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी, डेरेक ओ ब्रायन, सांसद सुदीप बंदोपाध्याय जैसे वरिष्ठ नेता और अन्य शामिल हैं। बैठक में मतदाता सूचियों में पहचानी गई अनियमितताओं के मुद्दे से निपटने के लिए पार्टी के अगले कदमों को अंतिम रूप देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सूत्रों के अनुसार, पहली बैठक में मतदाता सूची के काम को संगठनात्मक जिलों में बांटकर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश अध्यक्ष बख्शी व्यक्तिगत रूप से दक्षिण कोलकाता में काम की देखरेख करेंगे। अभिषेक को दक्षिण 24 परगना जिले का प्रभार सौंपा गया है। सत्यापन प्रक्रिया 10 दिनों के भीतर पूरी होने की उम्मीद है। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों उन विसंगतियों की जानकारी दी जिसका पता उन्हें चला है।

## तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की मुलाकात

**❑ मतदाता पहचान-पत्रों के लिए विशिष्ट पहचान-पत्र की मांग, भाजपा पर मतदाता सूची में हेराफेरी करने का आरोप**




राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से मुलाकात की और मांग की कि मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं के नाम शामिल होने से रोकने के लिए मतदाता कार्ड पर 'विशिष्ट पहचान-पत्र' पेश किया जाए। सीईओ से मुलाकात करने वाले तृणमूल प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने किया और इसमें राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम, अरूप बिस्वास, चंद्रिमा भट्टाचार्य और राज्यसभा सांसद रीताब्रत बनर्जी शामिल थे। ज्ञापन सौंपने के बाद, फिरहाद हकीम ने कहा कि भाजपा राज्य में चुनाव को तमाशा बनाने की कोशिश कर रही है। अलग-अलग राज्यों में एक ही ईपीआईसी (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर होना अस्वीकार्य है। जिस तरह आधार और पासपोर्ट में विशिष्ट पहचान संख्या होती है, उसी तरह वोटर कार्ड में भी विशिष्ट पहचान होनी चाहिए। मंत्री हकीम ने कहा कि यह ममता बनर्जी के नेतृत्व में मतदाता कार्ड सुधार के लिए एक नए आंदोलन की शुरुआत है, जो चुनावों में फोटो पहचान की उनकी 1993 की मांग के समान है। उन्होंने भाजपा पर फर्जी मतदाताओं को जोड़कर दिल्ली और महाराष्ट्र में सत्ता हासिल करने के लिए मतदाता सूचियों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया। 2020 और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों के आंकड़ों का हवाला देते हुए मेयर हकीम ने दावा किया कि थोड़े समय में मतदाताओं की संख्या में असामान्य रूप से वृद्धि हुई है, जो 2024 के लोकसभा चुनावों से लेकर आज तक पश्चिम बंगाल में मतदाताओं की संख्या में उछाल के समान है। उन्होंने टिप्पणी की कि पांच वर्षों में दिल्ली में मतदाताओं की वृद्धि पश्चिम बंगाल में केवल सात महीनों में हुई वृद्धि के लगभग समान थी। यह अस्वाभाविक है। फिरहाद हकीम ने ऑनलाइन जोड़े गए मतदाता नामों के भौतिक सत्यापन की आवश्यकता पर भी जोर दिया और चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि दूसरे राज्यों के मतदाता पश्चिम बंगाल में अपना वोट न डालें।

# स्कूल नौकरी घोटाला : पार्थ चटर्जी को सिफारिश भेजने वाले प्रभावशाली लोगों से पूछताछ करेगी सीबीआई

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल नौकरी घोटाले की जांच कर रही सीबीआई अब उन प्रभावशाली लोगों से पूछताछ करने जा रही है, जिन्होंने अयोग्य उम्मीदवारों के नाम सीधे राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सिफारिश के तौर पर भेजे थे।

सूत्रों के अनुसार, सीबीआई के हाथ ऐसे पुख्ता सुराग लगे हैं, जिनसे यह साफ हुआ है कि कई रसूखदार लोगों ने पैसे लेकर स्कूल की नौकरी के लिए अयोग्य उम्मीदवारों की सिफारिश पार्थ चटर्जी तक पहुंचाई थी। सीबीआई के पास ऐसे 132 लोगों की सूची है, जिन्होंने अलग-अलग स्तर पर नौकरी की सिफारिशें की थीं। हालांकि, जांच एजेंसी अब केवल उन्हीं लोगों को शॉर्टलिस्ट कर रही है, जिनकी सीधी पहुंच पार्थ चटर्जी तक थी और जिन्होंने सीधे उन्हें सिफारिशें भेजी थीं।

बताया गया कि सिफारिश करने वाले इन लोगों की पहचान पार्थ चटर्जी के साथ हुई बातचीत, लिखित सिफारिश पत्रों, व्हाट्सएप और एसएमएस संदेशों के जरिए की गई है। हालांकि, सीबीआई ने फिलहाल इन शॉर्टलिस्ट लोगों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं। एजेंसी के अनुसार, इनकी गवाही से पार्थ चटर्जी के खिलाफ मामला और मजबूत करने में मदद मिलेगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि पार्थ चटर्जी ने व्यक्तिगत रूप से भी कई अयोग्य उम्मीदवारों का चयन किया था, जिन्होंने नौकरी के लिए पैसा दिया था। खासतौर पर प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में यह गड़बड़ी ज्यादा देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि हाल ही में, सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट में एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें उन उम्मीदवारों का ब्योरा दिया गया, जिन्होंने लिखित परीक्षा में खाली उत्तर पत्र जमा करने के बावजूद नौकरी हासिल की। इस रिपोर्ट में एजेंसी ने यह भी समझाया कि ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन (ओएमआर) शीट के साथ किस तरह की छेड़छाड़ कर ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया गया।

Panchla Mahavidyalaya invites e-Tender (PM/e-Tender/002/24-25) for purchase of Books of college. Details in website: www.panchlamv.ac.in

### शनिवार को तृणमूल कांग्रेस की रैली

**कोलकाता :** हर साल की तरह इस बार भी तृणमूल महिला कांग्रेस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक पदयात्रा का आयोजन कर रही है। कई बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद इस रैली में शामिल हुई हैं। महिला दिवस के 50वें वर्ष को खास बनाने के लिए इस बार तृणमूल कांग्रेस ने 'दीदी बंगाल के घर-घर में' नारे को सामने रखा है। यह रैली शनिवार को शाम 4 बजे रविंद्र सदन से डोरिना क्रॉसिंग तक निकाली जाएगी। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न जिलों में भी तृणमूल महिला संगठन द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बारासात में दादा पर लगा नाबालिग पोती का यौन उत्पीड़न का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दादा पर नाबालिग पोती का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है। घटना बारासात नगरपालिका के वार्ड 29 के मालिर बागान इलाके में घटी है। शिकायत में कहा गया है कि 65 वर्षीय निरंजन साहा ने बुधवार की दोपहर को जब घर पर कोई नहीं था तब दादा ने अपनी पोती के साथ यौन उत्पीड़न किया। जब परिवार के सदस्य घर लौटे तो नाबालिग ने अपनी मां को बताया कि उसके दादा ने उसके साथ अनुचित व्यवहार किया है। इसके तुरंत बाद में नाबालिग की मां ने बारासात पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर बारासात थाना पुलिस ने नाबालिग को इलाज के लिए बारासात सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया, जहां नाबालिग का इलाज चल रहा है। परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों की मांग है कि यदि नाबालिग के आरोप सही हैं तो आरोपी को उचित सजा दी जाए। शिकायत के आधार पर बारासात थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है।

**Name Change**

It is for general information that I, DHAN BAHADUR GURUNG S/o Deo Bahadur Gurung, R/o Rabindra Sarani, Kadamtala, Ranidanga, Darjeeling, Kadamtala, West Bengal - 734011, declare that name of mine has been wrongly written as D B Gurung in my minor daughter PAYAL GURUNG aged 15 years in her Birth Certificate and School Record. The actual name of mine is DHAN BAHADUR GURUNG , which may be amended accordingly.

---

I, Swapna Maity (Old Name) wife of Kunal Maity, residing at Banerjee Para, P.O.- Madral, Bhatpara, North 24 Parganas, Pin-743126, West Bengal, INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Swapna Bhowmik (New Name) as declared before the Notary Public at Kolkata, dated 06/03/2025. Swapna Bhowmik (New Name) and Swapna Maity (Old Name) both are same and identical person.

---

I, Krishnakant Tosawar (Old Name) son of Om Prakash Tosawar, residing at 3740-41, Gali No-18, Raigar Pura, VTC Karol Bagh, New Delhi, Central Delhi, Delhi-110005, Delhi, INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Krishna Kant Tosawar (New Name) as declared before the Notary Public at Kolkata, dated 05/03/2025. Krishna Kant Tosawar (New Name) and Krishnakant Tosawar (Old Name) both are same and identical person.

**e-tenders** are invited by Prodhan, Vedia Gram Panchayat under Aushgram-II Dev. Block, Dist-Purba Bardhaman, from resourceful/ bonafide contractors with experience and requisite credential from 15th FC fund vide id 2025_ZPHD_824117_1 Date of closing for submission of Technical Bid & Financial Bid on 19/03/2025 up to2PM,For Details Visit the website: http://wbtenders.gov.in

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या: केपीए-ईआरएस-ओटी-43-24-25, दिनांक: 04.03.2025।** उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: केपीए-ईआरएस-ओटी-43-24-25। विवरण:** रेलवे के परिसर/शॉप-10/कांचरापाड़ा में लोको बोगी फ्रेम तथा ईएमयू/एमईएमयू बोगी की बोल्स्टर द्वारा शॉट ब्लास्टिंग। मात्रा: 890 अदद। **निविदा मूल्य:** ₹ 49,14,455.40 (जीएसटी एवं अन्य सभी प्रभार सहित)। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 26.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(MISC-366/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## विधानसभा चुनाव बाद हिंसा : अभिजीत हत्या मामले में दो आरोपियों की जमानत रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा**

2021 के विधानसभा चुनाव के मतगणना के दिन कोलकाता में अभिजीत सरकार की हत्या के मामले में दो आरोपियों की जमानत रद्द कर दी गई है। हाईकोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया है कि वह दोनों आरोपियों को दोबारा गिरफ्तार करे। इस मामले में तृणमूल कार्यकर्ता संजय सामंत और समीर सामंत को पहले निचली अदालत से जमानत मिल गई थी। हालांकि, शुक्रवार को न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने निचली अदालत के आदेश को खारिज कर दिया।

दरअसल, 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल में कई हिंसा की घटनाएं हुई थीं, जिनकी जांच का आदेश हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सीबीआई को दिया था। अदालत सूत्रों के अनुसार, पिछले साल 21 अगस्त को निचली अदालत ने दोनों आरोपियों को जमानत दे दी थी। अभिजीत सरकार के परिवार ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान मामलाकर्ता के वकील मयुख मुखोपाध्याय ने अदालत में दलील दी कि आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज होने के बावजूद निचली अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। इसके बाद, जस्टिस शुभ्रा घोष ने निचली अदालत का आदेश रद्द कर दिया और सीबीआई को दोनों आरोपियों को पुनः गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

## हाईकोर्ट की राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सलाह, 'चाय पर चर्चा' कर मिटाएं विवाद



**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च न्यायालय चाहता है कि राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर मानहानि के मामले का निपटारा 'चाय पर चर्चा' के जरिए किया जाए। यह मामला गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण राव की पीठ के समक्ष आया। वहां न्यायाधीश की टिप्पणी की कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल और प्रशासनिक प्रमुख मुख्यमंत्री अदालत में लड़ रहे हैं, जो किसी के लिए भी अच्छा नहीं है। अदालत ने सुझाव दिया है कि इस मामले को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। इसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के साथ-साथ दोनों पक्षों के वकीलों ने भी स्वीकार कर लिया है। क्या यह मामला बातबीत से सुलझ जाएगा? अब सबकी निगाहें उसी पर टिकी हैं। मामले की सुनवाई के दौरान जब न्यायाधीश ने मामले को अदालत के बाहर निपटाने का मुद्दा उठाया तो ममता के वकील ने हल्के-फुल्के अंदाज में 'चाय पर चर्चा' का मुद्दा उठा दिया। राज्यपाल के वकील ने भी मामले को अदालत से बाहर निपटाने के प्रस्ताव के प्रति सकारात्मक रुख दिखाया है। इस दिन, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वकील ने कहा कि दोनों पक्षों को बैठकर मुद्दे को सुलझाने के लिए अदालत के अनुरोध का आज के आदेश में उल्लेख किया जाना चाहिए। हमें कोई आपत्ति नहीं है। इसके मद्देनजर न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने कहा कि आज मौखिक रूप से इसकी सूचना दी गई। लिखित निर्देश बाद में दिए जा सकते हैं। राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के वकील धीरज त्रिवेदी ने राज्यपाल द्वारा आज मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर मामले में हलफनामा दायर करने के लिए कुछ समय मांगा है। अदालत ने इस आवेदन पर विचार करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

# घर में घुसकर अपमान! हालतु कांड में बैंक रिकवरी एजेंट गिरफ्तार

❑ कुल गिरफ्तारियां हुईं तीन



**कोलकाता :** हालतु कांड में अब बैंक के रिकवरी एजेंट की गिरफ्तारी हुई है। आरोप है कि लोन वसूली के नाम पर गिरफ्तार चंचल मुखोपाध्याय ने मृतक सोमनाथ राय और उनके परिवार को अपमानित किया था। इस मामले में अब तक कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

मंगलवार दोपहर कसबा थाना पुलिस को हालतु के पूर्वपल्ली इलाके में एक परिवार की रहस्यमयी मौत की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि ऑटो चालक सोमनाथ राय का शव फांसी से लटका हुआ था, उनके सीने से उनका छोटा बेटा रुद्रनील बंधा हुआ था। दूसरी ओर, पत्नी सुमित्रा का शव भी फंदे से झूल रहा था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सोमनाथ ने पहले अपने बेटे की हत्या की और फिर खुद को फांसी लगा ली। घर की दीवार पर कुछ नाम और संपत्ति से जुड़ी जानकारी लिखी हुई थी।

पुलिस की जांच में सामने आया कि सोमनाथ कर्ज में डूबे हुए थे। बेटे के इलाज के लिए उन्होंने ऑटो यूनियन से 8,000 रुपये का कर्ज लिया था, जिसे मौत से एक दिन पहले सोमवार को चुका दिया था। इसके अलावा, उन्होंने अन्य कर्ज चुकाने के लिए अपना एक ऑटो भी बेच दिया था। लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ था। जिस घर में वे रहते थे, वह सोमनाथ के मामा-मामी की संपत्ति थी, जिसे लेकर लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इस आधार पर पुलिस ने मृतक के मामा और मामी को गिरफ्तार किया।

इसके बाद चंचल मुखोपाध्याय का नाम सामने आया। बताया जा रहा है कि सोमनाथ के सुसाइड नोट में चंचल का नाम लिखा था। चंचल बैंक का लोन रिकवरी एजेंट है, और सोमनाथ ने कथित तौर पर एक बैंक से 10 लाख रुपये का लोन लिया था। आरोप है कि इस लोन की वसूली को लेकर चंचल ने परिवार को बार-बार अपमानित किया और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। घर जाकर भी उसने अपमानजनक बातें कहीं, जिससे परेशान होकर पूरे परिवार ने यह कदम उठाया। इसी आधार पर अब पुलिस ने चंचल को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा : बच्चे की गला दबाकर हत्या, माता-पिता ने फांसी लगाकर दी जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के कसबा इलाके के हालतु में तीन लोगों की दर्दनाक मौत के मामले में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, तीन वर्षीय रुद्रनील रॉय की गला दबाकर हत्या की गई थी। उसके नाक और होंठ पर भी चोट के निशान मिले हैं। माना जा रहा है कि उसके मुंह पर किसी चीज से दबाव डालकर सांस रोक दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि बच्चे की हत्या किसने की। जांच में जुटे अधिकारियों का अनुमान है कि रुद्रनील की हत्या उसके माता-पिता सोमनाथ रॉय और सुमित्रा रॉय ने की। इसके बाद, दोनों ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि सोमनाथ और सुमित्रा की मौत फांसी लगाने से हुई। रिपोर्ट के अनुसार, सुमित्रा के गले पर फांसी के फंदे के गहरे निशान थे। इसके अलावा, सिर के दाईं ओर से खून निकलने के संकेत मिले हैं और दाहिनी आंख के आसपास भी चोट के निशान थे। सोमनाथ के गले और गर्दन पर भी रस्सी के एक ही निशान पाए गए हैं, जो फांसी के कारण बने।

**E-Tender Notice**

Memo No:-250 /I(12) Dated : 05.03.25

NIT No- WB/EO/KH-1/36/2024-25

Tender ID: 2025 ZPHD 823500 1-11.

E-Tender is invited by the Executive Officer, Khejuri-I Panchayat Samity, of 11 nos. Different Scheme etc. Details may be had in website- https://wbtenders.gov. in & https://purbamedinipur.gov. in.

Sd/- Executive Officer
Khejuri -I Panchayat Samity

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **उप मुख्य विद्युत अभियंता/आरएस/सी,** दमदम कार डिपो कॉम्प्लेक्स, मेट्रो रेलवे, नोआपाड़ा, कोलकाता-700 090 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** दो वर्षों के लिए 08 अदद एमआर-300 सीरीज रेकों (एमआर-301, एमआर-303, एमआर-304, एमआर-306, एमआर-307, एमआर-309, एमआर-311 और एमआर-313 रेकों) में फिट किए हुए मेधा प्रस्तुतकारक के 100 केवीए इंवर्टरों, 50 केवीए इंवर्टरों और 5 केडब्ल्यू डीसी-डीसी कंवर्टरों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु.7,13,94,270.24, **बयाना राशि:** रु.5,07,000/-, **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 28.03.2025 को 11.30 बजे तक (आईएसटी)। **सूचना पट का पता:** उपर्युक्त पते पर उप मुख्य विद्युत अभियंता/आरएस/सी का कार्यालय। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in

ई-निविदा सं. एमआर-ईएल-आरएस-एनओए-ओटी-24-25-01आर1

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

## कास्ट सर्टिफिकेट असली या फर्जी? कांस्टेबल भर्ती घोटाले की जांच में जुटा लालबाजार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में पुलिस कांस्टेबल भर्ती में फर्जी कास्ट सर्टिफिकेट के इस्तेमाल को लेकर हंगामा मच गया है। इस मामले की जांच के लिए अब लालबाजार जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब कर रहा है। कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल पद पर नियुक्ति पाने वाले जिन उम्मीदवारों ने जाति प्रमाणपत्र जमा किया था, उनके दस्तावेजों की जांच के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क किया गया है।

सेंट्रल रिजर्व ऑफिस की ओर से निर्देश दिया गया था कि जाति प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी पाने वाले सभी कांस्टेबल जल्द से जल्द अपने प्रमाणपत्र और संबंधित दस्तावेजों को लालबाजार में जमा करें। सूत्रों के मुताबिक, ये दस्तावेज जमा हो चुके हैं और अब कोलकाता पुलिस ने विभिन्न जिला प्रशासन से कहा है कि वे इन प्रमाणपत्रों की सत्यता की जांच करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लालबाजार ने इस मामले में कुछ संदिग्ध कांस्टेबलों की सूची तैयार की है।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल आदिवासी कल्याण समिति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 2012 में सैकड़ों लोगों ने फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र के जरिए पुलिस की नौकरी हासिल की थी। इस शिकायत के बाद लालबाजार ने जांच शुरू की और इसी के आधार पर अब जिला प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

## ओबीसी सर्टिफिकेट मामले में हाईकोर्ट सख्त, अदालत की अवहेलना का मामला दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** ओबीसी आरक्षण से संबंधित कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश को लागू करने में राज्य सरकार की अनिच्छा और उदासीनता को लेकर अदालत ने कड़ी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस मामले में 22 मई 2023 को जारी आदेश के अनुपालन में लापरवाही के चलते राज्य सरकार के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला स्वीकार कर लिया है।

इस संबंध में सुनवाई 12 मार्च को दोपहर 2 बजे होगी, जिसमें राज्य के मुख्य सचिव को वर्चुअली अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा ने जारी किया। इस बीच, राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, लेकिन वहां से अब तक इस फैसले पर कोई स्थगन आदेश नहीं मिला है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई जारी है, इसके बावजूद हाईकोर्ट के निर्देशों को लागू करने में हो रही देरी पर डिवीजन बेंच ने असंतोष व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में यह मामला अभी विचाराधीन है, लेकिन 6 जनवरी को दायर एक याचिका को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द करने के संबंध में हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि ओबीसी सूची को पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना तैयार किया गया था। बिना किसी ठोस सर्वेक्षण और सटीक आंकड़ों के आधार पर यह तय कर दिया गया कि कौन ओबीसी श्रेणी में आएगा। अदालत ने यह भी पाया कि 2010 के बाद से जारी किए गए ओबीसी सर्टिफिकेट 1993 के बैकवर्ड क्लास कानून के खिलाफ हैं। अब इस मामले में हाईकोर्ट के निर्देशों को लागू करने को लेकर सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# मालदा में शिक्षक से मारपीट करने वाले 9 छात्रों की परीक्षा रद्द, दो प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस

**रायगंज, समाज्ञा**

मालदा में शिक्षकों से मारपीट करने की घटना में शामिल 9 छात्रों की पहचान कर उनकी उच्च माध्यमिक परीक्षा रद्द कर दी गई है। साथ ही, दो स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। गुरुवार को यह घोषणा उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीत भट्टाचार्य ने की।

उत्तर दिनाजपुर के कर्णजोड़ा सर्किट क्षेत्र के सात स्कूलों का निरीक्षण करने के बाद चिरंजीत भट्टाचार्य ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह सख्त निर्णय सुनाया। उन्होंने बताया कि मालदा के कालियाचक-3 ब्लॉक के चामाग्राम हाई स्कूल में शिक्षकों से मारपीट की घटना में शामिल कामरिटोला हाई मदरसा के 9 उच्च माध्यमिक परीक्षार्थियों की परीक्षा तत्काल प्रभाव से रद्द की जा रही है। इसके अलावा, दोनों स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



हालांकि, अन्य परीक्षार्थियों को परीक्षा देने की अनुमति दी गई है, लेकिन अगर जांच में यह साबित होता है कि उनमें से कोई और भी इस हमले में शामिल था, तो उनकी परीक्षा भी रद्द कर दी जाएगी।

उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष ने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस साल भी परीक्षा के अंतिम दिन किसी परीक्षा केंद्र में तोड़फोड़ होती है, तो उस स्कूल को कड़ी सजा भुगतनी होगी। इस तरह की घटनाओं में शामिल स्कूलों को नुकसान की भरपाई करनी होगी और संबंधित स्कूल के प्रधानाध्यापक को बुलाकर नुकसान का हिसाब देना होगा। पिछले साल मालदा के एक स्कूल के खिलाफ भी ऐसी ही सख्त कार्रवाई की गई थी।

# जादवपुर विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी

## राज्यपाल ने आज कुलपतियों की बैठक बुलाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय में विरोध-प्रदर्शन गुरुवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गना-इजेशन (एआईडीएसओ) और वामपंथी संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने परिसर के अंदर रैलियां कीं तथा प्रशासनिक भवन के सामने धरना दिया। इस बीच, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने जादवपुर विश्वविद्यालय गतिरोध पर चर्चा के लिए शुक्रवार को राजभवन में कुलपतियों की एक आपात बैठक




बुलाई है। उन्होंने बताया कि जादव-पुर विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति से परिसर में छात्रों की हिंसक गतिविधियों के बारे में रिपोर्ट मिलने के बाद बोस ने यह फैसला लिया। पता चला है कि राज्यपाल ने जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति से तत्काल रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद कुलाधिपति ने आज सभी कुलपतियों की एक आपात बैठक बुलाई है। उधर, प्रदर्शनकारियों ने अपने साथियों पर कथित हमले के खिलाफ कार्रवाई और एक मार्च की घटना के संबंध में शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की, जिसमें मंत्री की कार से कथित तौर पर टकराने के कारण दो छात्र घायल हो गए थे। माकपा की छात्र शाखा एसएफआई के सदस्यों ने प्रशासनिक भवन के बाहर नारे लगाते हुए ढोल और डफली बजाई।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग से झुलसा 5 वर्षीय बच्चा

**कोलकाता :** कोलकाता के कराया इलाके में एक ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना सामने आई है। यह घटना गुरुवार की शाम करीब 5 बजे 11बी, तिलजला लेन में हुई। आग लगने के तुरंत बाद दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और थोड़े ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में 5 वर्षीय स्क. राहुल, जो कि मोहम्मद जलाल का पुत्र है और तिलजला शिबतला लेन का निवासी है, झुलस गया। उसे पहले सीएनएमसी अस्पताल ले जाया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और नुकसान की सीमा का भी आकलन किया जा रहा है। इस घटना की जानकारी कराया पुलिस स्टेशन से प्राप्त हुई।

# मालदह में दो सड़क हादसों में चार की मौत, चार घायल

**मालदह :** जिले में गुरुवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने जानकारी दी कि पहला हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ। गजोल के हियाघर इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-512 पर एक तेज रफ्तार वाहन ने ई-रिक्शा (टोटो) को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। मृतकों की पहचान ललित भुइमाली (60), अल्ताफ हुसैन (42) और समसुद्दीन शेख (60) के रूप में हुई है, जबकि घायल का नाम निजामुद्दीन शेख (55) है। घायल व्यक्ति की हालत गंभीर थी, जिसे इलाज के लिए मालदह मेडिकल कॉलेज एवं अस्प-ताल भेजा गया। पुलिस ने कहा कि




वाहन का पता लगाने की कोशिश की जा रही है, जिसने टोटो को टक्कर मारी थी। दूसरी दुर्घटना पुराने मालदह के नारायणपुर इलाके में सुबह करीब 6 बजे हुई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, पत्थरों से लदा ट्रक पहले एक उत्खनन मशीन से टकराया और फिर एक कार शोरूम में घुस गया। इस हादसे में शोरूम के सुरक्षा गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार तीन लोग घायल हो गए।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस महिला चालित टोटो की सवारी करते हुए।

# देवचा-पचामी परियोजना का नए सिरे से विरोध शुरू

❑ **ग्रामीणों के एक वर्ग ने कोयले का उत्खनन करने वाले श्रमिकों, जेसीबी संचालकों व डंपर चालकों को भगाया**

**बीरभूम :** बीरभूम जिले में स्थित देवचा-पचामी कोयला ब्लॉक में उत्खनन कार्य का नए सिरे से विरोध शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने उत्खनन कार्य में जुटे श्रमिकों, जेसीबी संचालकों व डंपर चालकों को भगा दिया। उन्होंने विभिन्न सड़कों को खोदकर मार्ग भी अवरुद्ध कर दिया। विरोध करने वालों में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। विरोध करने वाले परियोजना के लिए अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि जमीन देने पर उनका भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। वहां उत्खनन कार्य होने पर वनांचल, कृषि भूमि व जलाभूमि नष्ट हो जाएगी। वे जमीन के बाबत राज्य सरकार की ओर से दिए जा रहे पैकेज से भी खुश नहीं हैं। उनका आरोप है कि सरकार की ओर से मुआवजा राशि के साथ नौकरी देने का भी आश्वासन दिया गया था लेकिन बहुतों को अब तक नहीं मिली है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गत 5 फरवरी को कोलकाता में आयोजित हुए बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में देवचा-पचामी परियोजना शुरू किए जाने की घोषणा की थी। उसके अगले दिन ही भूमि पूजन के बाद वहां कार्य शुरू कर दिया गया था। उस दिन भी स्थानीय ग्रामीणों के एक वर्ग ने वहां विरोध-प्रदर्शन किया था।

# प्राथमिक स्कूलों को 'चॉक-डस्टर' के लिए मिला कंपोजिट ग्रांट, लेकिन आधी राशि जारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्राथमिक स्कूलों में चॉक और डस्टर खरीदने के लिए राज्य सरकार ने 'कंपोजिट ग्रांट' जारी की, लेकिन यह पूरी राशि के बजाय केवल आधी दी गई। इस फैसले को लेकर शिक्षकों के बीच कई सवाल उठ रहे हैं।

पश्चिम बंगाल समग्र शिक्षा मिशन की ओर से राज्य के प्राथमिक विद्यालयों और बाल संरक्षण केंद्रों (एमएसके) को कंपोजिट ग्रांट देने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, प्राइमरी स्कूलों को मिलने वाली पूरी राशि के बजाय इसका आधा ही मंजूर किया गया।

नियम के मुताबिक, यदि किसी स्कूल में 1 से 30 छात्र हैं तो उसे 10,000 रुपये मिलने चाहिए, 31 से 100 छात्रों के लिए 25,000 रुपये, 101 से 250 छात्रों के लिए 50,000 रुपये, और 251 से 1,000 छात्रों वाले स्कूलों को 75,000 रुपये दिए जाने थे। लेकिन सरकारी निर्देश के अनुसार, यह राशि आधी कर दी गई है।

इस फैसले पर शिक्षकों के एक वर्ग ने आपत्ति जताई और सवाल उठाए कि आधी राशि देने का आधार क्या है। स्कूल शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, आगे चलकर इस कंपोजिट ग्रांट की शेष राशि जारी की जा सकती है।

# आरपीएफ ने ऑपरेशन आहट के तहत 101 बच्चों को बचाया, 32 तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन आहट के तहत एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। 1 अप्रैल 2024 से 5 मार्च 2025 के बीच, आरपीएफ ने पूर्व रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से 101 बच्चों और बड़ों को तस्करी के प्रयासों से बचाया। इनमें 89 लड़के और 6 लड़कियां शामिल हैं। साथ ही, 6 बड़े (दो पुरुष और चार महिलाएं) भी तस्करी से बचाए गए। इस अवधि में, आरपीएफ कर्मियों ने 32 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया, जिससे तस्करी नेटवर्क को जबरदस्त झटका लगा। इस दौरान हावड़ा डिवीजन में 13 तस्करों की गिरफ्तारी और 52 लोगों को बचाया, सियालदह डिवीजन में 06



तस्करों की गिरफ्तारी और 08 लोगों को बचाया, मालदह डिवीजन में 13 तस्करों की गिरफ्तारी और 41 लोगों को बचाया है। आरपीएफ कर्मियों ने अपनी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से इन बच्चों को उनके परिवारों से मिलवाया। वहीं, तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई।

# पूर्वी रेलवे चलाएगा दो और होली स्पेशल ट्रेनें, 5,900 से अधिक बर्थ होंगी उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने होली के दौरान यात्रियों की अपेक्षित भीड़ को देखते हुए दो और होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेनें सियालदह-न्यू जलपाईगुड़ी और मालदह टाउन-चार्लापल्ली के बीच चलेंगी।

इन होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन से कुल 5,900 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत, 03105 सियालदह-न्यू जलपाईगुड़ी होली स्पेशल 16 मार्च और 18 मार्च को सियालदह से 23:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10:45 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। 03106 न्यू जलपाईगुड़ी-सियालदह होली स्पेशल 17 मार्च और 19 मार्च को न्यू जलपाईगुड़ी से 12:45 बजे चलेगी और अगले दिन 01:05 बजे सियालदह पहुंचेगी। वहीं, 03430 मालदह टाउन-चार्लापल्ली होली स्पेशल 18 मार्च को 18:10 बजे मालदह टाउन से चलेगी और तीसरे दिन 04:00 बजे चार्लापल्ली पहुंचेगी। 03429 चार्लापल्ली-मालदह टाउन होली स्पेशल 20 मार्च को 16:50 बजे चार्लापल्ली से चलेगी और तीसरे दिन 05:10 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी।

### मीशो ने अपने प्लेटफॉर्म पर फुटवियर श्रेणी का विस्तार किया

**कोलकाता :** ईकॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने रिलैक्सो ग्रुप, पैरागन और लिबर्टी ब्रांड्स पेश करके अपने प्लेटफॉर्म पर फुटवियर श्रेणी को मजबूत किया है। इस लॉन्च के बाद लाखों शॉपर्स को ये भरोसेमंद ब्रांड मीशो पर उपलब्ध हो सकेंगे। यह रणनीतिक कदम खासकर टियर 2 बाजारों में ब्रांडेड, हाई-क्वालिटी के फुटवियर उपलब्ध कराने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है क्योंकि इन बाजारों के शॉपर्स कम्फर्ट और ड्यूरेबिलिटी के लिए भरोसेमंद ब्रांड्स को ज्यादा पसंद करते हैं। रिलैक्सो ग्रुप की मांग में 2.5 गुना, पैरागन की मांग में 2.5 गुना और लिबर्टी की मांग में 2 गुना वृद्धि दर्ज हुई है।

### स्टार हेल्थ इंश्योरेंस अब पेश करता है भारत में सबसे बड़ा होम हेल्थ केयर नेटवर्क

**कोलकाता :** भारत की सबसे बड़ी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हेल्थ इंश्योरेंस), भारत भर में 100 स्थानों पर अपनी एचएचसी पहल का विस्तार करके देश की सबसे बड़ी होम हेल्थ केयर (एचएचसी) प्रदाता बन गई है। जुलाई 2023 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम अब स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के 85% से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है, जो बिना किसी जेब खर्च के 3 घंटे के भीतर कैशलेस डोरस्टेप मेडिकल केयर प्रदान करता है। भारत में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच, उपलब्धता और सामर्थ्य में सुधार करता है। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आनंद रॉय ने कहा, स्टार हेल्थ में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य बीमा वित्तीय कवरेज प्रदान करने से कहीं आगे जाता है। यह हर व्यक्ति के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा का एक पुल है। हमारा लक्ष्य अस्पताल में भर्ती होने की उच्च लागत, लॉजिस्टिक चुनौतियों और देखभाल की मांग से जुड़े तनाव जैसी बाधाओं को दूर करना है।

# ब्लू स्टार क्षमता विस्तार के लिए 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**कोलकाता :** एयर कंडीशनर (एसी) कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड अगले वित्त वर्ष (2025-26) में रूम एसी, वाणिज्यिक रेफ्रिजरेशन और वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग क्षेत्र में अपनी विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने के लिए 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कुल पूंजीगत व्यय में से 200 करोड़ रुपये श्री सिटी संयंत्र के तीसरे चरण के लिए आवंटित किए जाएंगे, जिससे कमरों में लगाए जाने वाले एयर कंडीशनर की उसकी क्षमता मौजूदा के 8.5 लाख इकाई से बढ़ाकर 12 लाख इकाई हो जाएगी। कंपनी मुंबई के निकट अपनी वाणिज्यिक फ्रीजर इकाई में 53 करोड़ रुपये और हिमाचल प्रदेश संयंत्र में वाणिज्यिक एयर कंडीशनर संयंत्र में 150 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा, हम अगले वित्त वर्ष में 20 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष को 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ समाप्त किया जाएगा।'' पिछले साल, उद्योग ने भीषण और लंबे समय तक चली गर्मी के कारण रूम एसी खंड में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की। कंपनी को उम्मीद है कि नवाचार, त्वरित आपूर्ति और त्वरित वाणिज्य और क्यूएसआर (त्वरित सेवा रेस्तरां) खंड में वृद्धि से प्रेरित प्रमुख क्षेत्रों में उसकी बाजार हिस्सेदारी बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष के अंत तक रूम एसी बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी 13.75 प्रतिशत से बढ़कर 13.8 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 14.25 प्रतिशत होने की उम्मीद है। वाणिज्यिक रेफ्रिजरेशन खंड में, कंपनी बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 33 प्रतिशत करने की उम्मीद कर रही है। ब्लू स्टार की आमदनी चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर (तीसरी) तिमाही में सालाना आधार पर 25.3 प्रतिशत बढ़कर 2,807.36 करोड़ रुपये हो गई।

# देबग्राम और पलासी स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग को 'ए' श्रेणी में उन्नत किया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, देबग्राम और पलासी स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 92/ई को 6 मार्च 2025 से सफलतापूर्वक इंटरलॉक किया गया और इसे सी श्रेणी से ए श्रेणी में उन्नत किया गया। यह उन्नयन सिग्नलिंग सिस्टम की विश्वसनीयता को मजबूत करता है और रेलवे उपयोगकर्ताओं तथा सड़क यातायात के लिए संचालन सुरक्षा को बढ़ाता है। गेट के आधुनिकीकरण में कई प्रमुख विश-षताएं शामिल हैं। इसके तहत सिग्नलिंग और मॉनिटरिंग में सुधार किया गया है, जिसमें गेट सिग्नल ऑपरेटिंग पैनल स्थापित किया गया है, जो ट्रैक चार्जर फेल्योर अलार्म, एकीकृत पावर सप्लाई (आईपीएस) फेल्योर इंडिकेशन और ट्रेन अप्रोच वार्निंग सिस्टम जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, बैरियर तंत्र



को भी बेहतर किया गया है, जिसमें एक इलेक्ट्रिकल लिफ्टिंग बैरियर और स्टैंडबाय स्लाइडिंग बैरियर शामिल हैं, जो संचालन की निरंतरता सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, सुरक्षा में वृद्धि के लिए तीन-आसपास सड़क सिग्नल और हूटर सिस्टम जोड़े गए हैं, और सिग्नल क्लियरेंस फ्लो चार्ट और आरटीयू बिट चार्ट भी उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 60-सेकंड का डिजिटल ऑडियो लॉगर स्थापित किया गया है, जो ट्रेन अप्रोच वार्निंग के लिए समय पर अलर्ट सुनिश्चित करता है।

यह महत्वपूर्ण उन्नयन पूर्व रेलवे की सुरक्षा और अधिक कुशल रेलवे संचालन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को मजबूती से दर्शाता है, जबकि यात्री और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# ग्रीन लाइन मेट्रो पर 8 और 9 मार्च को संपूर्ण ब्लॉक, 7 और 10 मार्च को आंशिक प्रभाव

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने 8 मार्च 2025 (शनिवार) और 9 मार्च 2025 (रविवार) को ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर (ग्रीन लाइन) पर संपूर्ण ट्रैफिक ब्लॉक देने का निर्णय लिया है। इस दौरान संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) प्रणाली के परीक्षण का कार्य किया जाएगा। इस कारण हावड़ा मैदान से सॉल्ट लेक सेक्टर 5 तक मेट्रो सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। हालांकि, ब्लू लाइन की सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी।

इसके अलावा, 7 मार्च 2025 (शुक्रवार) की शाम और 10 मार्च 2025 (सोमवार) की सुबह भी कुछ सेवाएं प्रभावित रहेंगी।

❑ **7 मार्च 2025 (शुक्रवार) को अंतिम मेट्रो सेवा:**

■ ग्रीन लाइन-1:

❍ शाम 19:03 बजे सीलदह से सॉल्ट लेक सेक्टर त (पूर्व निर्धारित समय 21:35 बजे)

❍ शाम 19:05 बजे सॉल्ट लेक सेक्टर त से सीलदह (पूर्व निर्धारित समय 21:40 बजे)

■ ग्रीन लाइन-2:

❍ शाम 19:00 बजे एस्प्लेनेड और हावड़ा मैदान से (पूर्व निर्धारित समय 21:45 बजे)

❑ **10 मार्च 2025 (सोमवार) को पहली मेट्रो सेवा:**

■ ग्रीन लाइन-1:

❍ सुबह 08:05 बजे सॉल्ट लेक सेक्टर त से सीलदह (पूर्व निर्धारित समय 07:05 बजे)

❍ सुबह 08:15 बजे सीलदह से सॉल्ट लेक सेक्टर त (पूर्व निर्धारित समय 06:55 बजे)

■ ग्रीन लाइन-2:

❍ सुबह 08:00 बजे एस्प्लेनेड और हावड़ा मैदान से (पूर्व निर्धारित समय 07:00 बजे)

ग्रीन लाइन मेट्रो यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया जाता है।

# सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) का 9 मार्च को होगा होली महोत्सव का धमाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** फाल्गुन का महीना होली के उल्लास और रंगों का प्रतीक है, जो न केवल मस्ती का अवसर देता है बल्कि संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का भी मौका प्रदान करता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) और सीकर जिला वेलफेयर ट्रस्ट पिछले 25 वर्षों से राजस्थानी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण हेतु विशेष आयोजन कर रहा है। इस वर्ष भी परिषद द्वारा 9 मार्च को विशुद्धानंद सरस्वती विद्यालय में एक भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी दी कि होली प्रीति सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को राजस्थानी संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक ढप्प धमाल के साथ इस




बार पहली बार राजस्थान की प्रसिद्ध गींदड़ का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलाओं की भी भागीदारी होगी। कार्यक्रम के अन्य आकर्षणों में सामूहिक डांडिया प्रतियोगिता, होली स्वांग, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और विजेताओं के लिए विशेष पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। संस्था के सचिव रविशंकर सीकरिया ने बताया कि यह आयोजन सभी लोगों के लिए खुला है और इसका उद्देश्य विलुप्त होती राजस्थानी संस्कृति को संजोना तथा युवाओं को अपनी परंपराओं के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर दामोदर प्रसाद विदवतका, कमल प्रसाद चौधरी, जगदीश सिंघी, विनोद अग्रवाल, सुनीता लोहिया, प्रीति बियानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व रेलवे सौर ऊर्जा से कार्बन फुटप्रिंट कम करने की दिशा में अग्रसर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को तेजी से अपना रहा है। रेलवे द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरित और स्वच्छ भविष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। जिससे पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता कम हो रही है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आ रही है। इस पहल के तहत, पूर्व रेलवे ने विभिन्न स्थानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए हैं, जो दैनिक संचालन के लिए पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। इससे न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घट रही है, बल्कि नवीकरणीय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में, पूर्व रेलवे ने 28 फरवरी 2025 तक 5.94 मेगावाट पीक क्षमता के नए सौर संयंत्र स्थापित किए। इसके साथ, फरवरी 2025 के अंत तक पूर्व रेलवे की कुल स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता बढ़कर 24.458 मेगावाट पीक हो गई है। यह पहल न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी साबित हो रही है, बल्कि आर्थिक रूप से भी फायदेमंद है। पूर्व रेलवे ने 2024-25 वित्तीय वर्ष में फरवरी 2025 तक 19.19 मिलियन यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया, जिससे 10.22 करोड़ रुपये की बचत हुई। यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है, जब फरवरी 2024 तक 10.29 मिलियन यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न हुई थी।

# नोआपाड़ा कारशेड में आयोजित किया गया अग्निशमन प्रशिक्षण

**कोलकाता :** यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोलकाता मेट्रो रेलवे हरसंभव उपाय करता है। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी नियमित रूप से 'कोलकाता की लाइफलाइन' में अपनाए जा रहे सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हैं, ताकि आग जैसी किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इसी के तहत मेट्रो रेलवे में सुरंगों के भीतर या वायाडक्ट पर आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के मेट्रो कर्मचारियों की तत्परता की जांच के लिए नियमित प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

इसी क्रम में 5 मार्च 2025 को नोआपाड़ा कारशेड में वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में क्षेत्रीय कर्मचारियों के लिए अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मेट्रो




कर्मचारियों को आग बुझाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई और स्टेशन पर आग और धुएं की अलग-अलग परिस्थितियों का सिमुलेशन कर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण में यातायात विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। उम्मीद की जा रही है कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कर्मचारियों की सतर्कता और कौशल में वृद्धि होगी, जिससे वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया दे सकेंगे। इससे बचाव कार्य में लगने वाले समय को कम करने और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने में मदद मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश के बाद राज्य भर में वोटर तालिका की जांच

# श्रीरामपुर नगरपालिका क्षेत्र में मतदाता सूचि में गड़बड़ी का दावा

**हुगली :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर जिले में वोटर तालिका जांच शुरू हो गई है। श्रीरामपुर नगरपालिका क्षेत्र में कई जगह मतदाता सूचि में गड़बड़ी की सूचना मिली है। श्रीरामपुर नगरपालिका के सीआईसी संतोष सिंह ओर पिंटू नाग ने कथित तौर पर चुआव आयोग को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मतदान सूचि में पारदर्शिता लाना चाहती है। निष्पक्ष चुनाव बिना पारदर्शिता संभव नहीं है। क्यूंकि मतदाता सूचि में बड़ी गड़बड़ी पाई गई है। कई जगहों पर जिनकी मौत सात साल पहले हुई उनके नाम भी मतदाता सूचि में अंकित है। इसके अलावा कई मतददातों के ईपीआईसी संख्या एक है। एक ही ईपीआईसी संख्या वालों के नाम अलग अलग नाम से भिन्न राज्य में वोटर कार्ड कैसे संभव हो सकता है। इससे देश की सुरक्षा को भी खतरा है। श्रीरामपुर में एक ईपीआईसी संख्या कश्मीर से मिलती है लेकिन नाम और पहचान अलग अलग है। कहा कि मतदाता सूचियों में अनियमितताओं के कारण ही बीजेपी दिल्ली और महाराष्ट्र में जीती। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में वोट हासिल करने के लिए चुनाव आयोग और कुछ अन्य एजेंसियों का इस्तेमाल करके अन्य राज्यों के लोगों के नाम बंगाल की मतदाता सूची में डाले जा रहे हैं। पिंटू नाग ने आरोप लगाया कि कुछ मतदाता जो पहले आस पास की जूट मीलों में काम करते हैं लेकिन अब वे लोग युपी या बिहार में रहते है उनके नाम यहां भी मतदाता सूची में है और वहां भी ऐसे में इन लोगों को चुनाव के वक़्त मतदान देने के लिए बुलाया जाता है उनके आने जाने का भाड़ा ठहरने खाने पिने का सभी खर्च उम्मीदवार ही वहां करते है। ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करके उनके नाम मतदान सूचि से जल्द ही हटाए जाने चाहिए। निर्वाचन आयोग को इसमें सख्ती बरतनी होगी। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने नेताजी इंडोर में अपनी बैठक से अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों का बिगुल फूंका था । पार्टी नेता ने सिलसिलेवार बयानों में बीजेपी की आलोचना की और तृणमूल कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची को लेकर चेतावनी दी। गुरुवार को नेताजी इंडोर रैली में ममता ने भारत के चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में वोट हासिल करने के लिए चुनाव आयोग और कुछ अन्य एजेंसियों का इस्तेमाल करके अन्य राज्यों के लोगों के नाम बंगाल की मतदाता सूची में डाले जा रहे हैं।




पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची को लेकर जारी विवाद में अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी खुलकर सामने आ गई है। भाजपा नेता दिलीप सिंह ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल अपनी संभावित हार से घबराकर मतदाताओं को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है।

दिलीप सिंह ने कहा, टीएमसी को एहसास हो गया है कि 2026 में बंगाल की जनता उन्हें सत्ता से बेदखल करने वाली है। इसी बौखलाहट में अब वे मतदाता सूची का मुद्दा उठाकर वोटरों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार उत्तर प्रदेश और बिहार के मूल निवासियों के नाम सूची से हटाने की साजिश कर रही है, ताकि एकतरफा वोट बैंक बनाया जा सके।

**❑ 'मतदाता सूची में गड़बड़ी बहाना, असली मकसद वोटों की लूट'**

भाजपा नेता ने आगे कहा कि टीएमसी की राजनीति वोट लूटने की संस्कृति पर आधारित रही है। अब जब जनता इन्हें जवाब देने के लिए तैयार है, तो ये मतदाता सूची में गड़बड़ी का नाम लेकर नया ड्रामा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में जनता की भावनाओं को भड़काकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है।

**❑ टीएमसी के आरोपों पर भाजपा का पलटवार**

इससे पहले तृणमूल नेताओं ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग की मदद से अन्य राज्यों के लोगों के नाम बंगाल की मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि टीएमसी अपनी हार को देखते हुए अब फर्जी नैरेटिव गढ़ने में लगी है।

**❑ राजनीतिक टकराव हुआ तेज**

इस मुद्दे पर बंगाल की सियासत गर्मा गई है। टीएमसी और भाजपा दोनों ही इस मामले में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। जहां टीएमसी मतदाता सूची में गड़बड़ी रोकने के लिए जांच की मांग कर रही है, वहीं भाजपा इसे तृणमूल कांग्रेस की वोटबैंक राजनीति करार दे रही है।

अब देखना यह होगा कि चुनाव आयोग इस पूरे मामले में क्या रुख अपनाता है और क्या राज्य में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी?

# कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बागची को शीर्ष अदालत का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश

### कॉलेजियम का केंद्र को पत्र

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की गुरुवार को सिफारिश की। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने कहा कि 18 जुलाई 2013 को न्यायमूर्ति अल्तमस कबीर के सेवानिवृत्त होने के बाद से कलकत्ता उच्च न्यायालय का कोई भी न्यायाधीश भारत का प्रधान न्यायाधीश नहीं बना है। कॉलेजियम ने इस तथ्य का भी संज्ञान लिया कि वर्तमान में कलकत्ता उच्च न्यायालय का उच्चतम न्यायालय में केवल एक ही प्रतिनिधित्व है। यदि केंद्र द्वारा कॉलेजियम की यह सिफारिश को मंजूर कर ली जाती है, तो न्यायमूर्ति बागची का शीर्ष अदालत में कार्यकाल छह साल से अधिक का होगा, जिस दौरान वह भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में भी काम करेंगे। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ भी शामिल है। कॉलेजियम ने कहा कि न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संयुक्त अखिल भारतीय वरिष्ठता में 11वें स्थान पर हैं, जिसमें मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हैं। कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया है कि इसलिए, कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची को भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करने का संकल्प लिया है। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन के 25 मई, 2031 को सेवानिवृत्त होने पर, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची 2 अक्टूबर, 2031 को अपनी सेवानिवृत्ति तक भारत के प्रधान न्यायाधीश का पद संभालेंगे। यदि सरकार इस सिफारिश को मंजूरी दे देती है तो उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 हो जाएगी। शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों के स्वीकृत पद 34 हैं।

## हावड़ा में स्कूल जाते समय छात्रा से छेड़खानी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगतबल्लभपुर में एक स्कूल छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना सामने आई है। यह घटना जगतबल्लभपुर थाना क्षेत्र के बाकुल इलाके में हुई है। आरोप है कि स्कूल जाते समय कुछ युवकों ने एक छात्रा का हाथ पकड़कर उसे परेशान करने की कोशिश की। जब छात्रा चिल्लाने लगी तो आरोपी युवक बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। छात्रा ने स्कूल पहुंचकर अपनी शिक्षिका को पूरी घटना की जानकारी दी। स्कूल प्रशासन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और पूरे इलाके में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की गश्त शुरू कर दी गई। घटना के बाद स्कूल की अन्य छात्राओं में भी दहशत फैल गई है। इससे पहले, सरस्वती पूजा के दिन हावड़ा के चटर्जीहाट स्थित एक स्कूल के सामने भी छेड़खानी की घटना घटी थी। जब पीड़िता के पिता ने विरोध किया, तो उन्हें बुरी तरह से पीटा गया था।

# बजट सत्र : एक संख्या वाले दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा सदन में उठाएगी टीएमसी

**❑ मतदाता पहचान पत्र की संख्या में दोहराव छोटी गलती नहीं : ओ'ब्रायन**

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** सोमवार से शुरु हो संसद के बजट सत्र के दूसरे सत्र में तृणमूल कांग्रेस एक ही संख्या वाले दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाएगी। टीएमसी नेता ने सरकार पर सदन में आवाज दबाने का आरोप लगाया है।

ओ'ब्रायन का जोर देकर कहना है कि यह कोई छोटी गलती नहीं है। इसकी गहनता से उचित जांच होना चाहिए। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को प्रभावित करने वाला गंभीर मामला है। राज्यसभा सांसद का कहना है कि इलेक्टोरल फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) संख्या और डुप्लीकेट ईपीआईसी संख्या वोटर्स को वोट करने के अधिकार से वंचित कर देगी। आपको बता दें संसद के बजट सत्र का दूसरा पार्ट 10 मार्च में शुरू हो रहा है। उच्च सदन में टीएमसी के संसदीय दल के नेता ओ'ब्रायन ने गुरुवार को प्रकाशित एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कई विपक्षी दलों ने गृह मंत्रालय से जुड़े मामलों पर चर्चा करने की इच्छा जताई है। बजट सत्र के पहले पार्ट में पिछले महीने काफी कठिनाई हुईं। देश के हर नागरिक को कानून बनाने में धीमी गति, प्रोसेस की अनदेखी और संस्थागत मानदंडों का कमजोर होने की प्रवृत्ति को लेकर चिंतित होना चाहिए। एक संख्या के दो मतदाता पहचान पत्र का मुद्दा संसद के पटल पर पेश करना चाहिए।

# फर्जी पहचान देकर पार्क स्ट्रीट के व्यवसायी से 50 लाख रुपये की लूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पहचान पत्र का उपयोग कर एक व्यक्ति ने एक स्वर्ण व्यवसायी को 50 लाख रुपये का चूना लगाया। उक्त घटना पार्क स्ट्रीट पुलिस थाना क्षेत्र में घटी। पुलिस के अनुसार, जलपाईगुड़ी के एक व्यवसायी को कोलकाता के एक स्वर्ण व्यवसायी से 50 लाख रुपये लेना था। लेकिन वह कोलकाता किन्ही कारणों से नहीं आ पा रहे थे। ऐसे में तय हुआ की वह जलपाईगुड़ी से अपने किसी विश्वसनीय व्यक्ति को कोलकाता भेजेगा और तमाम चीजे भी तय हो गई। तय अनुसार, जलपाईगुड़ी के उक्त व्यवसायी का एक आदमी कोलकाता आया और जलपाईगुड़ी के व्यवसायी की कंपनी का लोगो दिखाया। कोलकाता के स्वर्ण व्यवसायी ने उस व्यक्ति को 50 लाख रुपये दे दिए। उक्त आदमी चला गया तो थोड़ी देर बार फिर एक आदमी आया और 50 लाख रुपये की मांग की तो कोलकाता के स्वर्ण व्यवसायी को तो जैसे काटो तो खून नहीं। पता चला कि सोने के व्यवसायी ने जिस व्यक्ति को 50 लाख रुपये दिए है वह कोई बहरुपिया था। जलपाईगुड़ी व्यवसायी के अनुसार जिस व्यक्ति को 50 लाख दिए गए है वह उसे नहीं जानते बरन जिसे भेजा है वह व्यक्ति ही उनका कर्मचारी है। बहरहाल, मामले पर पार्क स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज की गई है। इस घटना से कई सवाल उठते हैं। पुलिस घटना की जांच कई कोण से कर रही है। वहीं, पुलिस यह भी सवाल उठा रही है कि 50 लाख रुपये के लेनदेन को लेकर लोग इतने लापरवाह कैसे हो सकता हैं।

## शांतिपुर में बुजुर्ग व्यक्ति की रहस्यमय मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के शांतिपुर इलाके में एक बुजुर्ग व्यक्ति की रहस्यमय मौत से इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान कृष्णकांत रॉय (65) के रूप में हुई है, जो बीनापानी इलाके में अकेले रहते थे। पता चला है कि चार दिन पहले स्थानीय लोगों ने उन्हें अपने घर के बाथरूम में बेहोश पड़ा पाया था, जिसके बाद उन्हें शांतिपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उनके शरीर पर कई छाले पाए गए, जिससे डॉक्टर भी हैरान हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस को सूचित किया। इसके बाद, शांतिपुर थाने की पुलिस ने मृतक की बहन उषा रानी रॉय से संपर्क किया, जो अपनी बेटी के घर रह रही थीं। स्थानीय पंचायत सदस्य के अनुसार, कृष्णकांत रॉय पहले भी दो बार स्ट्रोक का शिकार हो चुके थे और कभी नियमित रूप से डॉक्टर के पास नहीं जाते थे। वे किताबों से पढ़कर दवाइयां खरीदते थे और अलग-अलग डॉक्टरों से इंजेक्शन लेते थे। प्रारंभिक अनुमान है कि गलत दवा के सेवन और उचित उपचार न मिलने से उनकी हालत बिगड़ी होगी, लेकिन मौत के सही कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। दूसरी ओर, मृतक की बहन का कहना है कि उनकी दो दिन पहले भाई से बातचीत हुई थी और वे पूरी तरह ठीक थे। उन्होंने भी इस बात की पुष्टि की कि कृष्णकांत बिना डॉक्टर की सलाह के दवाइयां लेते थे। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और प्रशासन परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दे रहा है। अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस रहस्यमय मौत की सच्चाई सामने लाएगी।

# बीएसएफ ने पेट्रापोल में एक व्यक्ति से 49 लाख रुपये मूल्य का सोना बरामद किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश सीमा के पास पेट्रापोल में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक व्यक्ति से 49 लाख रुपये से अधिक मूल्य का सोना बरामद किया। अर्धसैनिक बल ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि 'साउथ बंगाल फ्रंटियर' की 145वीं बटालियन के जवानों ने खुद को दुबई का फैशन डिजाइनर बताने वाले व्यक्ति को पकड़ा। इसमें कहा गया कि उसने चूरे के रूप से 564 ग्राम सोना पॉलीथिन में लपेटकर अपनी गुदा में छिपाया हुआ था। जब्त किए गए सोने के चूरे की बाजार में अनुमानित कीमत 49,13,624 रुपये है। बांग्लादेश से भारत में घुसने की




कोशिश कर रहे व्यक्ति ने खुद को मूल रूप से मुंबई का निवासी बताया। बयान में कहा गया कि जल्दी पैसे कमाने के लालच में उसने दुबई से बांग्लादेश के रास्ते भारत में सोने की तस्करी की साजिश रची। हालांकि, बीएसएफ जवानों की सतर्कता के कारण उसकी साजिश नाकाम हो गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त किए गए सोने के चूरे और आरोपी को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

# गंगा जल संधि पर भारत-बांग्लादेश की तकनीकी टीमों ने की चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत और बांग्लादेश के संयुक्त नदी आयोग के तकनीकी दलों ने गुरुवार को कोलकाता में गंगा जल संधि पर चर्चा की। इस संधि का नवीनीकरण 2026 में होना है। संधि के प्रावधानों के अनुसार, संयुक्त समिति की 86वीं बैठक में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त नदी आयोग के सदस्य मोहम्मद अबुल हुसैन ने किया। बैठक में सीमा पार की नदियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। संयुक्त नदी आयोग में भारत, बांग्लादेश और बंगाल की सरकारों के सदस्य शामिल हैं। शुक्रवार को भी भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग रूपरेखा के अंतर्गत तकनीकी बैठक होगी। बता दें कि जल बंटवारा भारत और बांग्लादेश के बीच 1996 की संधि के अनुसार किया जा रहा



है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त नदी आयोग का बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल गत सोमवार को गंगा के पानी के प्रवाह और बांग्लादेश में इसके बहाव का आकलन करने के लिए फरक्का बैराज गया था। भारतीय अधिकारियों के साथ दो दिवसीय चर्चा के अलावा बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को बंगाल सिंचाई विभाग के सचिव मनीष जैन से भी मुलाकात करेगा।

## फ्री में करें स्ट्रीम: एलजी चैनल लेकर आया एलजी स्मार्ट टीवी पर 100 से अधिक चैनल

**कोलकाता :** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने अपनी फ्री एड-सपोर्टेड टीवी सर्विस, एलजी चैनल्स के विस्तार की घोषणा की है। एलजी चैनल्स पर अब 100 से अधिक चैनल देखने को मिलेंगे। यह सर्विस बिना किसी सब्सक्रिप्शन या पेमेंट के उपयोगकर्ताओं को एंटरटेनमेंट, म्यूजिक, न्यूज, किड्स एवं लाइफस्टाइल आदि से जुड़े विभिन्न प्रकार के कंटेंट उपलब्ध कराती है। एलजी चैनल्स के साथ, एलजी स्मार्ट टीवी यूजर्स सेट-टॉप बॉक्स, सब्सिक्रिप्शन या किसी भी प्रकार के भुगतान के बिना 100 से अधिक चैनलों का आनंद ले सकते हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी होंग जू जियोन ने कहा, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया में, हमारा पूरा ध्यान ग्राहकों के मनोरंजन पर है। एलजी चैनल अब 100 से अधिक फ्री चैनल प्रदान कर रहा है। इन चैनलों में सभी उम्र और रुचियों के दर्शकों के लिए कंटेंट उपलब्ध है।

# कोलकाता साइबर पुलिस की छापेमारी, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** साइबर पुलिस स्टेशन, कोलकाता द्वारा दर्ज केस संख्या 13/25 दिनांक 04.03.2025 के तहत सूचना मिलने पर पुलिस ने परनश्री थाना क्षेत्र में एक विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान तन्मय सरकार (34 वर्ष), निवासी सत्येन रॉय रोड (बेहाला थाना क्षेत्र) और दिनेश जना (41 वर्ष), निवासी जादू भट्टाचार्य लेन (कालीघाट थाना क्षेत्र) के रूप में हुई है।

पुलिस ने इन दोनों को 5 मार्च 2025 को रात करीब 8:35 बजे परनश्री पुलिस थाना क्षेत्र स्थित




बी.बी. एंटरप्राइज के कार्यालय (पहली मंजिल, 495 परनश्री पल्ली) से गिरफ्तार किया। इन दोनों पर इस साइबर अपराध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने का आरोप है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में संदिग्ध वस्तुएं जब्त कीं, जिनमें 92 सिम कार्ड (सक्रिय और नए), दो फिंगरप्रिंट स्कैनर मशीनें, दो मोबाइल फोन और 42,300 रुपये की अवैध नकदी शामिल है।

पुलिस ने बताया कि यह जब्ती पूरी कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई और सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार किए गए हैं। फिलहाल, आगे की जांच जारी है।

## बैंक लोन चुकाने में असमर्थ दपंति ने की आत्महत्या

**बीरभूम :** कर्ज का बोझ उठाने में असमर्थ एक दंपति ने एक साथ आत्महत्या कर ली। यह घटना बीरभूमा में घटी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वे विभिन्न निजी बैंकों से लिए गए ऋणा चुकाने में असमर्थ थे। इसके बाद, पति-पत्नी ने अपमान के कारण आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचाना लक्ष्मण मुखर्जी (52) और उनक पत्नी बनश्री मुखर्जी के रूप में हुई है। उनका घर बीरभूम के लाभपुर ब्लॉक के चौहट्टा महोदरी नंबर 2 ग्राम पंचायता के बबना गांव में है। लक्ष्मण मुखजी पेशे से एक दिहाड़ी मजदूर था। पता चला है कि उन्होंने अपने परिवार की वित्तीय स्थिति का प्रबंधन करने के लिए साईंथिया, अमोदपुर और बोलपुर सहित विभिन्न स्थानों पर 5 निजी ऋणा कंपनियों से



ऋण लिया था। वे उस ऋण को चुका नहीं सके। फिर, बुधवार को एक निजी ऋण कंपनी के अधिकारी उनके घर आए। शिकायत यह है कि उसने परिवार का अपमान किया और उसे परेशान किया। ये मुझ पर ऋण चुकाने के लिए दवाब बनाते रहते हैं। आरोप है कि लोन कंपनी के अधिकारी घर पर ताला लगाने भी गए थे। अपमान सहन न कर पाने के कारणा गत बुधवार को दो लोगों ने चावल में जहर मिलाकर आत्महत्या कर ली।

# हाईकोर्ट ने सिराजुद्दौला की स्मृति हीराझील के निरीक्षण का दिया आदेश

### मुर्शिदाबाद के जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में एक टीम स्थल का निरीक्षण करेगी

**कोलकाता :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के अंतिम नवाब सिराजुद्दौला द्वारा निर्मित मुर्शिदाबाद में हीराझील पैलेस और आसपास के क्षेत्रों के निरीक्षण का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी की खंडपीठ ने गुरुवार को स्थल की वर्तमान स्थिति और हीराझील पैलेस के शेष हिस्सों को बचाया जा सकता है या नहीं, इस पर भी रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि मुर्शिदाबाद के जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में एक टीम स्थल का निरीक्षण करेगी। टीम में केंद्रीय और राज्य पुरातत्व सर्वेक्षण से एक-एक प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके अलावा, टीम में राज्य विरासत आयोग का एक प्रतिनिधि भी शामिल होगा। जिला मजिस्ट्रेट निरीक्षण दल के संयोजक होंगे। अदालत ने कहा कि वादी ट्रस्ट सूचना उपलब्ध कराकर निरीक्षण टीम के साथ सहयोग कर सकता है। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि टीम अगले छह सप्ताह के भीतर अदालत में रिपोर्ट प्रस्तुत करे। बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें सिराजुद्दौला द्वारा निर्मित हीराझील पैलेस के शेष हिस्सों को संरक्षित करने की मांग की गई थी। वादी के वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने तर्क दिया कि संबंधित प्राधिकारी वास्तुकला के अवशेषों को संरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठा रहे हैं। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने मामले पर राज्य का रुख जानना चाहा था। राज्य के वकील ने तर्क दिया कि ब्रिटिश शासन से पहले हीराझील पूरी तरह नष्ट हो गया था। वहां इतिहास का कोई भी हिस्सा बचा नहीं है। वादी ने प्रतिवाद किया कि संरचना के कुछ हिस्से अभी भी मौजूद हैं। इससे पहले भागीरथी के गर्भ का कुछ हिस्सा डूब चुका था। राज्य को शेष भागों की सुरक्षा के लिए कार्रवाई करनी चाहिए।

## कोतवाली थाने में बर्बर उत्पीड़न का आरोप, हाईकोर्ट में मामला दायर

**कोलकाता, समाज्ञा**

जादवपुर कांड के विरोध में आवाज उठाने पर एआईडीएस-ओ की चार महिला नेताओं के साथ कोतवाली थाना, मेदिनीपुर में बर्बर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस मामले ने अब कोलकाता हाईकोर्ट तक पहुंच बना ली है। याचिकाकर्ताओं ने आरोपी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और थाने की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की मांग को लेकर याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने इस मामले को दर्ज करने की अनुमति दे दी है। सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई होगी।

## राजाबाजार में दो गुटों की झड़प, बीच-बचाव करने गईं वार्ड 38 की काउंसलर को लगी चोट

**कोलकाता :** राजाबाजार इलाके में बुधवार शाम दो गुटों के बीच झगड़ा हो गया, जिसे शांत कराने के प्रयास में वार्ड 38 की काउंसलर साधना बोस खुद घायल हो गईं। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया। सूचना मिलते ही अमहर्स्ट स्ट्रीट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तीन लोगों को हिरासत में लिया।

सूत्रों के मुताबिक, यह घटना बुधवार शाम राजाबाजार के 113 नंबर केशवचंद्र स्ट्रीट इलाके में हुई। इलाके की एक बस्ती में दो पक्षों के बीच विवाद छिड़ गया। एक पक्ष का आरोप था कि कुछ लोग नियमित रूप से महिलाओं और बुजुर्गों को परेशान कर रहे थे। जब इसका विरोध किया गया तो पहले बहस हुई, फिर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इसके बाद झगड़ा



इतना बढ़ गया कि मारपीट और थाने तक मामला जा पहुंचा।

इस दौरान, पुलिस के आने से पहले ही काउंसलर साधना बोस स्थिति को संभालने पहुंचीं, लेकिन संघर्ष के बीच फंसकर वह खुद घायल हो गईं। घटना के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई और शिकायत दर्ज की गई। पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चॉकलेट का लालच देकर नाबालिग से यौन शोषण, दोषी को 25 साल की सजा

**जलपाईगुड़ी :** चॉकलेट का लालच देकर एक नाबालिग के साथ यौन शोषण के मामले में जलपाईगुड़ी की विशेष पोक्सो अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराया और 25 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और पीड़िता के परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आदेश दिया। अदालत के फैसले से पीड़िता का परिवार संतुष्ट है। यह घटना अगस्त 2021 में घटी थी। धूपगुड़ी की रहने वाली सात वर्षीय नाबालिग पड़ोस में रहने वाले एक युवक की यौन लालसा का शिकार बनी। अत्याचार की वजह से बच्ची की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद मामला सामने आया। जब पीड़िता के परिवार को इस घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## टक्कर रोधी उपकरण के परीक्षण के दौरान हाथी के पैरों तले कुचलकर व्यक्ति की मौत

**अलीपुरद्वार :** अलीपुरद्वार जिले में गुरुवार को एक टक्कर रोधी उपकरण (एसीडी) के परीक्षण के दौरान एक प्रशिक्षित हाथी ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला। मुख्य वन्यजीव वार्डन देबल रॉय ने बताया कि उक्त हादसा उस समय हुआ जब व्यक्ति एक महावत वाले हाथी को निर्देशित कर रहा था तथा वह प्रणाली लगाने वाली कंपनी से कथित तौर पर जुड़ा था। उन्होंने कहा कि दुखद घटना एसीडी के परीक्षण के दौरान घटी। परियोजना से जुड़ा एक व्यक्ति हाथी के पैरों तले कुचला गया। सटीक परिस्थितियां स्पष्ट नहीं हैं। हमने घटना की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा प्रशिक्षित और पालतू हाथी को निगरानी में रखा गया है।

# विधाननगर नगर निगम संपत्ति कर वसूली में ला रहा तेजी

**सेल्फ असेसमेंट शुरू करने की योजना**

**कोलकाता, समाज्ञा**

विधाननगर नगर निगम ने संपत्ति कर वसूली में तेजी लाने के लिए सेल्फ असेसमेंट प्रणाली लागू करने की योजना बनाई है। इस प्रक्रिया के तहत नगर निगम ने विधाननगर क्षेत्र के सभी घरों के दस्तावेज एकत्र करने का कार्य शुरू कर दिया है। म्यूटेशन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए इस पहल की शुरुआत की गई है, लेकिन राजारहाट-गोपालपुर क्षेत्र से संबंधित कुछ समस्याओं के कारण यह प्रक्रिया कुछ जगहों पर धीमी हो रही है। नगर क्षेत्र के कई वार्डों में पुराने राजारहाट-गोपालपुर क्षेत्र के होल्डिंग नंबर अभी भी प्रभावी हैं, जबकि वहां फ्लैटों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कई मामलों में यह शिकायतें सामने आई हैं कि कई फ्लैटों के पास कंप्लीशन सर्टिफिकेट (सीसी) नहीं है। इस संबंध में नगर निगम के म्यूटेशन और कर वसूली विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी प्रमोटर द्वारा सीसी प्रदान करने में कोई लापरवाही पाई जाती है, तो उनके खिलाफ तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

**बिना सीसी के भी म्यूटेशन आवेदन स्वीकार**

संपत्ति कर आमतौर पर निर्धारण के लिए म्यूटेशन आवेदन तभी स्वीकार किए जाते हैं जब सीसी प्राप्त हो। लेकिन सीसी प्रक्रिया में हो रही देरी को देखते हुए विधाननगर नगर निगम ने वर्तमान में बिना सीसी के भी म्यूटेशन आवेदन स्वीकार करने का निर्णय लिया है। जैसे ही म्यूटेशन सर्टिफिकेट जारी होगा, कर वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। निगम द्वारा आवेदन की त्वरित जांच के बाद, संपत्ति के कवर्ड एरिया के आधार पर निर्धारित शुल्क लेकर म्यूटेशन सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सभी म्यूटेशन आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। लिखित प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है। नगर निगम के अनुसार, ऑनलाइन म्यूटेशन आवेदन की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है। प्रतिदिन 100 से 150 आवेदन की जांच की जा रही है। निगम ने आश्वासन दिया है कि इस प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जाएगा, ताकि कर वसूली की गति को और अधिक बढ़ाया जा सके।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश: घर में फंदे से लटकी मिली महिला

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक महिला अपने घर में फंदे से लटकी हुई मिली। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना राजेंद्र नगर सेक्टर तीन में हुई। पुलिस उपायुक्त निमिश पाटिल ने बताया कि 40 वर्षीय शेफाली मित्तल अपने घर में फंदे से लटकी हुईं पायी गयीं। उन्होंने बताया कि शेफाली के पति मिशाल मित्तल बुधवार को अपने बेटे को स्कूल छोड़ने गये थे और जब वह लौटे तो उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मिशाल मित्तल एक स्थानीय बिल्डर हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से आत्महत्या का संकेत मिला है। उन्होंने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले शव को उतारे जाने और फंदे की ऊंचाई को लेकर चिंता जताई जा रही है। अधिकारी ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

### रांची में एक आश्रम में दो लोगों की गोली मारकर हत्या, चार लोग गिरफ्तार

**रांची :** झारखंड के रांची जिले में स्थित एक आश्रम में अज्ञात हमलावरों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार रात में राजधानी रांची से करीब 45 किलोमीटर दूर चान्हो इलाके के चामा में हुई। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान राजेंद्र यादव और महेश के रूप में हुई है। खलारी के पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी ने कहा, ''इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं।'' उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि चोरी के इरादे से इस वारदात को अंजाम दिया गया है। चौधरी ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

# उत्तर प्रदेश में 10 लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेगी सरकार : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में 10 लाख युवा उद्यमी तैयार करने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, भारत नई दिशा में बढ़ रहा है। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका नए युवा उद्यमियों की होगी। मुख्यमंत्री ने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरित की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जरिये सरकार ने व्यवस्था कि है कि एक वर्ष में एक लाख नए उद्यमी, पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएंगे। योगी ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला व अति पिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश ने समृद्धि व खुशहाली के नए दौर में प्रवेश किया है। निर्यात बढ़ा है। हमने उत्तर प्रदेश के अगले स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू की, जिससे कारीगर, हस्तशिल्पी सम्मान पा सकें। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि सीएम युवा योजना को इसी शुरुआत के एक महीने के भीतर ही 2.54 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जो पूरे वर्ष के लिए एक लाख उद्यमियों के लक्ष्य से कहीं अधिक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि अब तक एक लाख आवेदन बैंकों को भेजे जा चुके हैं, जिनमें 24,000 लाभार्थियों के लिए 931 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं और 10,500 आवेदकों को 410 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। योगी ने कहा, हम उत्तर प्रदेश में 10 लाख युवा उद्यमी तैयार करेंगे और इसके लिए अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि 'स्टार्टअप', 'स्टैंडअप', 'मेक इन इंडिया' की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है।

## अगर लगता है कि होली के रंग से धर्म भ्रष्ट होता है तो उस दिन घर से न निकलें: संभल के सीओ




**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल कोतवाली पुलिस थाने में बृहस्पतिवार को हुई शांति समिति की बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनुज चौधरी ने कहा कि अगर किसी को लगता है कि होली के रंग से उसका धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से ना निकले। शांति समिति की यह बैठक होली के त्यौहार और रमजान माह में शांति सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से हुई। चौधरी ने बैठक में दोनों समुदायों के लोगों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने का आग्रह किया। चौधरी ने शांति समिति की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, जिस प्रकार से मुस्लिम बेसब्री से ईद का इंतजार करते हैं, ठीक उसी तरह हिंदू होली की प्रतीक्षा करते हैं। होली का त्यौहार 14 मार्च को है और इसी दिन जुमा की नमाज भी होगी। अधिकारी ने कहा, होली का दिन वर्ष में एक बार आता है, जबकि जुमा साल में 52 बार आता है। अगर किसी को लगता है होली के रंग से उसका धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से ना निकले। चौधरी ने निवासियों से उन लोगों को जबरदस्ती रंग ना लगाने की अपील की जो होली नहीं मनाना चाहते। अधिकारी ने कहा कि शांति समिति की बैठक सभी स्तर पर जारी है। चौधरी ने शरारती तत्वों को चेतावनी भी दी और कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आईआईटी-आईएसएम धनबाद के छात्रावास के शौचालय में इंजीनियरिंग का छात्र मृत मिला

**धनबाद :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ), धनबाद के छात्रावास के शौचालय में बृहस्पतिवार को इंजीनियरिंग का तृतीय वर्ष का छात्र मृत मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी तन्मय प्रजापति (21) के रूप में हुई है। आईआईटी-आईएसएम के सुरक्षा अधिकारी राम मनोहर ने बताया कि प्रजापति संस्थान के 'एक्वामरीन' छात्रावास की नौवीं मंजिल पर रह रहा था। मनोहर ने बताया, ''सुबह करीब पौने 10 बजे उसका शौचालय अंदर से बंद मिला। जब उसे तोड़ा गया तो प्रजापति बेहोशी की हालत में फर्श पर पड़ा था। उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।'' पुलिस उपायुक्त (कानून-व्यवस्था) नौशाद आलम ने बताया कि मौत का असली कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा। उन्होंने बताया, ''शव को अस्पताल के शवगृह में रख दिया गया है। इंदौर से परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जाएगा।''

## पंजाब पुलिस ने 501 स्थानों पर छापे मारे, 75 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार



**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मादक पदार्थों के खतरे के खिलाफ जारी अभियान के तहत उसने 501 स्थानों पर छापे मारे और 75 तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि राज्यभर में 53 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उसने बताया कि 75 तस्करों को गिरफ्तार किये जाने के साथ, छह दिन में गिरफ्तार किए गए मादक पदार्थ तस्करों की कुल संख्या 622 तक पहुंच गई है। पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किये गये मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से 8.2 किलोग्राम हेरोइन, 4.5 किलोग्राम अफीम, 1,294 नशीली गोलियां या इंजेक्शन और 1.04 लाख रुपये नकद बरामद किये गये। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में यह अभियान चलाया गया। पिछले सप्ताह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय की थी। राज्य सरकार द्वारा मादक पदार्थों की समस्या के विरुद्ध नए सिरे से चलाए जा रहे अभियान के तहत मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और कुछ स्थानों पर उनकी संपत्तियों को भी ध्वस्त किया गया है। राज्य सरकार ने मादक पदार्थों के खतरे के खिलाफ कार्रवाई की निगरानी के लिए एक कैबिनेट उप-समिति भी गठित की। विशेष पुलिस महानिदेशक अर्पित शुक्ला ने बताया कि 1,700 से अधिक पुलिसकर्मियों वाले 250 से अधिक पुलिस दलों ने पूरे राज्य में छापेमारी की और दिनभर चले अभियान के दौरान 635 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। इस बीच, अमृतसर नगर निगम ने पंजाब पुलिस के सहयोग से मादक पदार्थ तस्करों द्वारा बनाये गये दो मंजिला मकानों और दुकानों को ध्वस्त कर दिया।

## न्यूज अपडेट

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर की एक विशेष अदालत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ जारी मानहानि मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को एक बार फिर टल गई। सांसद-विधायक (एमपी/एमएलए) अदालत में परिवादी और गवाह दोनों अनुपस्थित रहे, जिसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च के लिए निर्धारित कर दी। वादी के वकील संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार को उपरोक्त मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन वादी और गवाह के अदालत में समय से न पहुंचने के कारण सुनवाई टाल दी गयी। मामला वर्ष 2018 का है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा ने कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी की कथित अभद्र टिप्पणी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। पांच वर्ष की कानूनी प्रक्रिया के बाद दिसंबर 2023 में अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी किया था और राहुल ने फरवरी 2024 में अदालत में आत्मसर्मपण किया था। विशेष न्यायाधीश ने राहुल को 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी थी।

### अदालत ने संभल हिंसा के 16 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज की

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले की एक अदालत ने 24 नवंबर को हई हिंसा में शामिल 16 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अब तक कुल 104 याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं और शेष याचिकाओं पर अगली तारीख पर सुनवाई होगी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने जमानत याचिकाओं के खारिज होने की पुष्टि करते हुए पत्रकारों को बताया, संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा के सिलसिले में 16 आरोपियों की जमानत याचिकाएं बृहस्पतिवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश निर्भय नारायण राय की अदालत में खारिज कर दी गयीं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बुधवार को 10 याचिकाएं खारिज की गयी थीं और कुल मिलाकर अब तक 104 जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। पिछले वर्ष 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर संभल में जामा मस्जिद के निरीक्षण के दौरान भड़की हिंसा में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई थी और सरकारी अधिकारियों सहित कई अन्य लोग घायल हुए थे। घटना के बाद की जांच में स्थानीय पुलिस ने 80 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था।

### बाबूलाल मरांडी को झारखंड में भाजपा विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को धनवार क्षेत्र से विधायक बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में पार्टी विधायक दल का नेता नियुक्त किया। यहां एक बैठक के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मरांडी को सर्वसम्मति से पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा ने झारखंड में विधायक दल के नेता के चयन के लिए बुधवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चे के अध्यक्ष के. लक्ष्मण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। यादव ने कहा कि नवीन जायसवाल, नीरा यादव, राज सिन्हा और प्रकाश राम जैसे वरिष्ठ विधायकों ने बैठक के दौरान विधायक दल के नेता के रूप में मरांडी के नाम का प्रस्ताव रखा और इसे सभी ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''राज्य विधानसभा में मरांडी के नेतृत्व में विधायक झारखंड और यहां की जनता की भलाई के लिए काम करेंगे।'' झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने उन्हें दी गई जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का आभार जताया। मरांडी ने कहा, ''मैं संगठन को मजबूत करने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम करूंगा और विधानसभा के अंदर और बाहर सभी को एक साथ लेकर चलने का हर संभव प्रयास करूंगा।''

समीक्षा CINE मंत्र

# विजय से ब्रेकअप की असली वजह आई सामने, क्या जल्द शादी करना चाहती हैं तमन्ना



हाल ही में सोशल मीडिया पर यह खबरें आ रही हैं कि तमन्ना भाटिया ने अपने कथित बॉयफ्रेंड के साथ ब्रेकअप कर लिया है, लेकिन इसके पीछे की क्या वजह रही होगी, जो अब खुलकर सामने आई है।

### शादी करना चाहती हैं तमन्ना?

सियासत डेली की एक रिपोर्ट के मुताबिक, तमन्ना शादी करके घर बसाना चाहती हैं, लेकिन विजय इसके लिए तैयार नहीं थे। विजय घर बसाने के लिए दबाव महसूस कर रहे थे। वहीं तमन्ना, शादी के इंतजार से परेशान थीं। यही बात उनके बीच बहस की वजह बन गई, जिसकी वजह से अब दोनों की राहें अलग हो गई हैं।

### क्या तमन्ना और विजय का ब्रेकअप हो गया है?

पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों सितारे अब अलग जरूर हो गए हैं लेकिन वे एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और दोस्त बने रहना चाहते हैं। कथित तौर पर तमन्ना और विजय कुछ हफ्ते पहले अलग हुए थे, लेकिन वे अभी भी अच्छे दोस्त रहेंगे। वहीं वर्कफ्रंट की बात करें तो दोनों अपने काम में व्यस्त हैं। हालांकि, अभी तक तमन्ना या विजय की ओर से इस बारे में कोई बयान सामने नहीं आया है।


### तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने कब शुरू की थी डेटिंग?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने 2022 में डेटिंग शुरू की थी। वे नेटफ्लिक्स की फिल्म 'लस्ट स्टोरीज 2' में साथ नजर आए थे, जो जून 2023 में रिलीज हुई थी।

### विजय ने तमन्ना संग कबूल की थी रिश्ते की बात

विजय ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर बताया मुझे लगता है कि हम दोनों इस बात से सहमत थे कि अगर हमें साथ में समय बिताना अच्छा लगता है और हम एक-दूसरे को पसंद करते हैं, तो इसे छिपाने की क्या जरूरत है। रिश्ते को छिपाने में बहुत मेहनत लगती है। आप साथ में बाहर नहीं जा सकते, आपके दोस्त आपकी तस्वीरें नहीं खींच सकते। मुझे ऐसी रोक-टोक पसंद नहीं है। ऐसा नहीं था कि मैं सबको बताना चाहता था, लेकिन मैं अपनी भावनाओं को दबाना भी नहीं चाहता था।

# कौन हैं रान्या राव? सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार हुई हैं साउथ अभिनेत्री



कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को 3 मार्च को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने 3 मार्च को केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। अभिनेत्री की गिरफ्तारी के बाद उन्हें स्पेशल कोर्ट के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अभिनेत्री के पास हवाई अड्डे पर 14.8 किलोग्राम सोना भी जब्त किया गया था। आइए जानते हैं कौन हैं रान्या राव?

### रान्या राव कौन हैं?

अभिनेत्री, पुलिस महानिदेशक (पुलिस आवास निगम) रामचंद्र राव की बेटी हैं। उन्होंने मशहूर एक्टर सुदीप के साथ फिल्म 'मानिक्या' (2014) में भी काम किया है। कर्नाटक के चिकमगलूर की मूल निवासी रान्या ने फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले बेंगलुरु में दयानंद सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। उन्होंने साल 2014 में सुदीप द्वारा निर्देशित और अभिनीत कन्नड़ फिल्म माणिक्य से अपने अभिनय की शुरुआत की। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता की प्रेमिका की भूमिका अदा की थी। इसके बाद अभिनेत्री ने विक्रम प्रभु के साथ साल 2016 की फिल्म 'वाघा' से तमिल सिनेमा में कदम रखा। साल 2017 में अभिनेत्री ने अभिनेता गणेश के साथ एक पत्रकार की भूमिका निभाते हुए, 'पटकी' के साथ कन्नड़ सिनेमा में वापसी की।

### रान्या राव की गिरफ्तारी

डीआरआई ने पाया कि वह पिछले 15 दिनों में चार बार दुबई की यात्रा कर चुकी हैं, जिसके बाद एजेंसी ने उनकी गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया। इस खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारी 3 मार्च को रान्या के आने से दो घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुंच गए। वह दुबई से एमिरेट्स की फ्लाइट से आई थीं और सोमवार शाम करीब 7 बजे उन्हें बेंगलुरु एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया गया।

### अधिकारी कर रहे जांच

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पूरे मामले पर अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या उन्होंने स्वतंत्र रूप से काम किया या वह दुबई और भारत के बीच चल रहे किसी बड़े तस्करी नेटवर्क का हिस्सा थीं।

# मुश्किल में हनी सिंह !



मशहूर अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने गायक हनी सिंह के नए गाने 'मेनियक' के खिलाफ पटना हाई कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अदालत में एक जनहित याचिका दाखिल करके कहा है कि गाने में असभ्यता दिखाई गई है। हनी सिंह का गाना 'मेनियक' हाल ही में यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। एक महीने में गाने पर सात मिलियन व्यूज आ चुके हैं। इसमें ईशा गुप्ता ने डांस किया है।

### जनहित याचिका में इन लोगों का भी है नाम

इस जनहित याचिका पर इसी महीने सुनवाई हो सकती है। जनहित याचिका में हनी सिंह के अलावा उन लोगों के भी नाम हैं जिन लोगों ने इस गाने को बनाने में साथ दिया है। इसमें गीतकार लिओ ग्रेवाल और भोजपुरी गायिका रागिनी विश्वकर्मा और अर्जुन अजनबी का भी नाम है।

### नीतू चंद्रा ने अदालत से की ये मांग

अपनी जनहित याचिका में पटना की अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने अदालत से मांग की है कि वह गीतकार को गाने के बोल बदलने का निर्देश दे। नीतू चंद्रा बॉलीवुड की कई फिल्मों नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कई भोजपुरी और मैथिली फिल्में बनाई हैं। समीक्षकों ने इनकी तारीफ की है।

असभ्यता कम करने के लिए किया गया भोजपुरी का इस्तेमाल

नीतू चंद्रा ने जनहित याचिका में लिखा कि गाने में खुलेआम अश्लीलता दिखाई गई है। उन्होंने ये भी इल्जाम लगाया कि गाने में भोजपुरी भाषा का इस्तेमाल असभ्यता को कम करने के लिए किया गया है। गाने में महिला सशक्तिकरण की धज्जियां उड़ाई गई है।

### कौन हैं नीतू चंद्रा?

नीतू चंद्रा अभिनेत्री, मॉडल, फिल्म निर्माता और थिएटर कलाकार हैं। उन्होंने हिंदी, तमिल और तेलुगु को बेहतरीन फिल्में दी हैं। वह डांसर और खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 'यातायात सिग्नल', 'एक दो तीन' और 'ओय लकी! लकी ओय' में काम किया है।

# हीरो-हीरोइन के बीच वेतन असमानता पर शेफाली शाह ने तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड में भी लैंगिक असमानता ने पावं पसारे हुए हैं। हीरो और हीरोइन को मिलने वाला वेतन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। समय-समय पर इस मसले पर बातें और चर्चा भी होती हैं। हाल ही में चर्चित अभिनेत्री शेफाली शाह ने भी इस मसले पर चुप्पी तोड़ी है। उनका कहना है कि यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है। वेतन के लिए आधार हमेशा योग्यता को बनाया जाना चाहिए।

### शेफाली ने उठाए ये सवाल

शेफाली शाह ने बॉलीवुड में वेतन असमानता पर बात की। उन्होंने इस मसले पर निष्पक्षता की मांग की है। उन्होंने कहा कि महिला प्रधान फिल्में अब बहुत हिट हो रही हैं, लेकिन वेतन में अंतर बना हुआ है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, 'यह ठीक नहीं है'। शेफाली ने कहा कि लीड कलाकारों को जेंडर देखे बिना सिर्फ योग्यता के आधार पर वेतन क्यों नहीं दिया जाता? उन्होंने कहा कि मेकर्स की तरफ से ज्यादा वेतन की पेशकश करना दुर्लभ है। उम्मीद है कि कलाकारों को वह मिलेगा, जिसके वे हकदार हैं।

### 'महिला प्रधान फिल्में भी हो रहीं हिट'

शेफाली शाह ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान पुरुष और महिला कलाकारों के असमान वेतन पर चल रही बहस पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस मामले में निष्पक्षता की जरूरत है। शेफाली ने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ इंटरव्यू के दौरान कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव आया है। अब महिला प्रधान फिल्मों को भी काफी सफलता मिली है। हालांकि, इस तरक्की के बावजूद, पुरुष और महिला अभिनेताओं के बीच भुगतान का अंतर बना हुआ है। शेफाली ने कहा, 'यह ठीक नहीं है। मैं अब भी समझ सकती हूं कि एक समय में बड़ी फिल्मों में हीरो की वजह से फिल्में बिकती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं है। आज, ऐसी कई फिल्में हैं, जो महिला प्रधान हैं और जो बड़ी हिट रही हैं। क्या उन्हें उतना ही पैसा मिल रहा है जितना हीरो को मिल रहा है? मुझे नहीं पता'।

### योग्यता आधारित प्रणाली का सुझाव दिया

शेफाली ने कहा कि वेतन सिर्फ योग्यता के आधार पर मिलना चाहिए। उन्होंने योग्यता आधारित प्रणाली का सुझाव देते हुए कहा, 'क्या होगा यदि हम इसमें जेंडर को शामिल न करें और यदि हम इसे इस तरह से देखें - आपको वह मिले, जिसके आप हकदार हैं। लेकिन, अफसोस कि ऐसी स्थिति में, कौन तय करेगा कि मैं हकदार हूं? यह कैसे पता? लेकिन यदि आप लीड रोल कर रहे हैं तो आपको यह सोचकर कास्ट किया गया है कि यह कलाकार इसे पूरा कर सकता है... इसलिए आपको नहीं लगता कि यह कलाकार बाकी से थोड़ा ज्यादा का हकदार है?

## न्यूज इन ब्रीफ

### अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी पकड़े गए, एक निर्वासित

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली में वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान सजल मिया और मोहम्मद अली के रूप में हुई है। वे पंजाबी बाग इलाके में रहते थे। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम जिला) विचित्र वीर ने बताया, ''पंजाबी बाग थाने के अंतर्गत मादीपुर पुलिस चौकी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें पकड़ा गया।'' उन्होंने कहा, ''बाद में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उचित प्रक्रिया के बाद एक को निर्वासित कर दिया गया, जबकि दूसरे को निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया।''

### दुबई से आए दो यात्री 21.28 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने दुबई से आए दो यात्रियों को मुंबई हवाई अड्डे पर तस्करी के 21.288 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत 18.92 करोड़ रुपये आंकी गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि डीआरआई को सूचना मिली थी कि दुबई से दो यात्री तस्करी का सोना लेकर मुंबई हवाई अड्डे पर उतरने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए दुबई की उड़ान से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर आने वाले यात्रियों की निगरानी बढ़ा दी गई और उनमें से दो को संदेह के आधार पर रोका गया। अधिकारियों के मुताबिक, इन दो यात्रियों की तलाशी के दौरान डीआरआई कर्मियों को विदेशी मार्का वाली सोने की छड़ें मिलीं, जिन्हें उन्होंने शर्ट के नीचे पहनी खास तरह की बेल्ट में छिपाकर रखा था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों यात्रियों ने 21.288 किलोग्राम सोने की तस्करी करने की बात स्वीकारी, जिसकी कीमत 18.92 करोड़ रुपये आंकी गई है। अधिकारियों के अनुसार, दोनों यात्रियों के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मृत्युदंड के बाद दो भारतीय नागरिकों को यूएई में दफनाया गया

**नयी दिल्ली :** भारतीय नागरिकों – शहजादी खान और मोहम्मद रिनाश अरंगिलोट्टू – को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नियमों के अनुसार बृहस्पतिवार को अबू धाबी में दफनाया गया। इस दौरान इनके परिवार के सदस्य मौजूद रहे। शहजादी खान (33) को अबू धाबी में चार महीने के बच्चे की हत्या का दोषी ठहराया गया था और उसे 15 फरवरी को फांसी दी गई थी। शहजादी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के गोयरा मुगलई गांव की रहने वाली थी। केरल के कन्नूर के रहने वाले रिनाश को संयुक्त अरब अमीरात के एक नागरिक की हत्या का दोषी ठहराया गया था और कुछ हफ्ते पहले उसे फांसी दे दी गई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''भारतीय नागरिक शाहजादी खान को आज यूएई के नियमों के अनुसार अबू धाबी में दफनाया गया।''

### छत्तीसगढ़: तीन साल की भतीजी की गला रेतकर हत्या, चाचा गिरफ्तार

**जशपुर :** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी तीन साल की भतीजी की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जशपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने बताया कि घटना बुधवार दोपहर बागबहार थाना क्षेत्र के छातासराई गांव में हुई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपी रामप्रसाद नाग (35) को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोनी ने बताया कि बच्ची खुशी जब घर में अकेली थी तब उसके चाचा ने धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान बच्ची पिता राजाराम नाग अपने घर के नजदीक मवेशी चरा रहे थे।

# मोदी ने उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन की वकालत की

## कहा : इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी



**हरसिल (उत्तराखंड) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन की पुरजोर वकालत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस खूबसूरत पहाड़ी राज्य में कोई 'ऑफ़ सीजन' नहीं होना चाहिए और हर सीजन 'ऑन सीज़न' रहे जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर मजबूती मिलेगी। मुखबा में देवी गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल में पूजा-अर्चना करने के बाद हरसिल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पर्यटक सर्दियों में प्रदेश में आएंगे तो उन्हें उत्तराखंड की वास्तविक आभा देखने को मिलेगी। मोदी ने राज्य में शीतकालीन पर्यटन के लिए गढ़वाली भाषा में एक नया शब्द 'घाम तापो पर्यटन' (धूप सेंको पर्यटन) गढ़ते हुए कहा, ''सर्दियों में जब देश के बड़े हिस्से में कोहरा छाया होता है, तो पहाड़ों पर धूप का आनंद होता है।'' बारहमासी या 365 दिनों के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साल भर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से 'पर्यटन के 360-डिग्री दृष्टिकोण' की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी पहाड़ों में मार्च, अप्रैल और जून में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं लेकिन उसके बाद इनकी संख्या कम हो जाती है। उन्होंने कहा, ''सर्दियों में होमस्टे और होटल खाली पड़े रहते हैं। यह असंतुलन उत्तराखंड में साल के एक बड़े हिस्से में आर्थिक सुस्ती ला देता है।'' मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि उत्तराखंड में पर्यटन के लिहाज से कोई भी सीजन 'ऑफ़ सीजन' न हो और हर सीजन 'ऑन सीज़न' रहे। उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड को अपना आर्थिक सामर्थ्य बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### गुजरात में महिला दिवस पर मोदी के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था की कमान महिला पुलिसकर्मी संभालेंगी

गुजरात के एक मंत्री ने बृहस्पतिवार को कहा कि आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के नवसारी जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस विशाल कार्यक्रम को संबोधित करेंगे उसकी सुरक्षा व्यवस्था की कमान केवल महिला पुलिसकर्मियों के हाथों में होगी। उन्होंने कहा कि देश में यह पहली ऐसी पहल होगी। राज्य के गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात पुलिस एक अनूठी पहल कर रही है। भारत के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की पूरी सुरक्षा व्यवस्था महिला पुलिसकर्मी ही संभालेंगी – नवसारी के वानसी बोरसी गांव में हेलीपैड पर उनके आगमन से लेकर कार्यक्रम स्थल तक।''

## लोग अपनी जाति को लेकर संवेदनशील, पर दूसरों के लिए कोई सम्मान नहीं दिखाते : अदालत

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद खंडपीठ ने कहा है कि लोग आजकल अपनी जाति और समुदाय को लेकर तो संवेदनशील हैं, लेकिन दूसरी जातियों और समुदायों के प्रति कोई सम्मान नहीं दिखाते। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने डॉ. बीआर आंबेडकर के प्रति अनादर दिखाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज मामला खारिज कर दिया, जबकि मामला दर्ज कराने वाले व्यक्ति को सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ पोस्ट करने के लिए फटकार लगाई। न्यायमूर्ति विभा कंकनवाड़ी और न्यायमूर्ति संजय देशमुख की पीठ ने बुधवार को पारित आदेश में कहा कि हर सोशल मीडिया पोस्ट/टिप्पणी या भाषण पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं होता और ऐसी चीजों के प्रति असहमति या असंतोष जाहिर करने के विवेकशील तरीके भी हैं। पीठ ने याचिकाकर्ता देवेंद्र पाटिल के खिलाफ अगस्त 2019 में छत्रपति संभाजीनगर जिले के दौलताबाद पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दर्ज प्राथमिकी और उसमें जारी कार्यवाही को रद्द कर दिया। प्राथमिकी में दावा किया गया था कि आरोपी ने ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए शिकायतकर्ता को फोन कर धमकाया था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को कथित तौर पर अपशब्द कहे थे और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के प्रति अनादर भी दिखाया था। पीठ ने कहा कि आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच हुई बातचीत डॉ. आंबेडकर के प्रति कोई अनादर नहीं दर्शाती।

## एलएंडटी महिला कर्मचारियों को देगी एक दिन का मासिक धर्म अवकाश

**मुंबई :** इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने अपनी महिला कर्मचारियों को मासिक धर्म के दौरान एक दिन का वैतनिक अवकाश देने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। एलएंडटी के इस कदम से कंपनी की करीब 5,000 महिला कर्मचारियों को फायदा होगा। एलएंडटी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक एस एन सुब्रमण्यन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कंपनी के एक कार्यक्रम में इस कदम की घोषणा की। कंपनी सूत्रों ने बताया कि सुब्रमण्यन ने कहा कि इस घोषणा को लागू किए जाने के तौर-तरीके का सटीक विवरण जल्द ही संबंधित अधिकारियों द्वारा तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह घोषणा केवल मूल कंपनी एलएंडटी की महिला कर्मचारियों पर ही लागू होगी और वित्तीय सेवाओं या प्रौद्योगिकी में लगी इसकी अनुषंगी कंपनियों पर यह लागू नहीं होगी। एलएंडटी के 60,000 कर्मचारियों में करीब नौ प्रतिशत यानी लगभग 5,000 महिलाएं हैं। तत्काल लागू होने जा रहे इस कदम से इन महिला कर्मचारियों का लाभ होगा। यह घोषणा सुब्रमण्यन द्वारा कुछ सप्ताह पहले कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम करने और अपनी पत्नियों को घूरते न रहने के लिए कहने वाली टिप्पणियों के लिए आलोचना का सामना करने के बीच की गई है।

## मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है : फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है तथा यहां रहने वाले किसी भी व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए। शिवसेना (उबाठा) के एक विधायक द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक वरिष्ठ नेता की टिप्पणी की ओर इशारा करने के बाद मुख्यमंत्री ने यह बात कही। राज्य विधानसभा में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सदस्य भास्कर जाधव ने आरएसएस के वरिष्ठ नेता सुरेश भैयाजी जोशी की उस टिप्पणी पर राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा था जिसमें उन्होंने कहा था कि यह जरूरी नहीं कि मुंबई आने वाला व्यक्ति मराठी सीखे। इस पर फडणवीस ने कहा कि मराठी मुंबई



और महाराष्ट्र की भाषा है तथा यहां रहने वाले किसी भी व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए। जोशी ने कहा था, ''मुंबई की एक भाषा नहीं है। इसमें कई भाषाएं हैं। कुछ क्षेत्रों की अपनी भाषा है। घाटकोपर की भाषा गुजराती है। गिरगांव में आपको हिंदी बोलने वाले कम और मराठी बोलने वाले ज्यादा मिलेंगे। इसलिए कह सकते हैं कि मुंबई आने वाला कोई भी व्यक्ति मराठी सीखे, यह जरूरी नहीं है।'' विधानसभा में जब जाधव ने सरकार से इस पर जवाब मांगा तो फडणवीस ने कहा, ''मैंने भैयाजी की बात नहीं सुनी, लेकिन मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी है।'' उन्होंने कहा, ''हर किसी को मराठी सीखनी चाहिए और उसे बोलना चाहिए।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अन्य भाषाओं का भी सम्मान करती है। फडणवीस ने कहा, ''अगर आप अपनी भाषा से प्यार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं, तो आप दूसरी भाषाओं के साथ भी ऐसा ही करें। मुझे यकीन है कि भैयाजी मेरी बात से सहमत होंगे।''

## बांदीपोरा में यूएपीए मामले में छह आरोपियों की 2.81 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के एक मामले में कथित रूप से शामिल छह लोगों की 2.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, ''बांदीपोरा पुलिस थाना में दर्ज प्राथमिकी संख्या 33/2022 यू/एस 121 आईपीसी, 18,20,39 यूएपीए अधिनियम, 2/3 ई एंड आईएमसीओ अधिनियम में आरोपी छह लोगों 18 कनाल और एक मरला जमीन (2.26 एकड़) की अचल संपत्ति कुर्क की, जिसकी कीमत लगभग 2.81 करोड़ रुपये है।'' आरोपियों की पहचान मोहम्मद अनवर मीर (2.55 कनाल), अब्दुल रशीद दोई (3.75 कनाल), सरफराज अहमद (3.45 कनाल), मोहम्मद यूसुफ (1.05 कनाल), मोहम्मद अब्दुल्ला (6.50 कनाल) और फारूक अहमद गनी (6.30 कनाल) के रूप में की गई है। प्रवक्ता ने कहा, ''कुर्की की कार्रवाई डीएसपी मुख्यालय बांदीपोरा और संबंधित नायब तहसीलदार के नेतृत्व में एक पुलिस दल द्वारा की गई।''

## भारत में अल्पसंख्यक हैं 'सबसे भाग्यशाली लोग': किरेन रीजीजू

**तिरुवनंतपुरम :** केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में अल्पसंख्यक 'सबसे भाग्यशाली लोग' हैं, क्योंकि देश उनके लिए विशेष योजनाएं और कल्याण कार्यक्रम प्रदान करता है, जो दुनिया में कहीं और नहीं है। रीजीजू ने यहां दक्षिणी क्षेत्र के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक और प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोग यह गलत बयान दे रहे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, ''कुछ लोग यह झूठा विमर्श गढ़ रहे हैं कि



भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। कुछ लोग यह संदेश फैलाते रहते हैं कि अल्पसंख्यक समुदायों के साथ भेदभाव होता है, लेकिन यह पूरी तरह से झूठ है।'' उन्होंने कहा, ''इसके विपरीत, भारत में अल्पसंख्यक सबसे भाग्यशाली लोग हैं क्योंकि अल्पसंख्यक समुदायों के लिए अन्य योजनाएं उपलब्ध हैं और उनके लिए अलग से योजनाएं और विशेष कार्यक्रम हैं। दुनिया में कहीं भी अल्पसंख्यकों के लिए अलग से कोई योजना नहीं है।'' संसदीय कार्य मंत्री ने लोगों से राज्य और केंद्र दोनों की सरकारों की कल्याणकारी पहलों को सराहना करने की अपील की। उन्होंने कहा, ''हम भाग्यशाली हैं कि हम भारतीय नागरिक हैं, इसलिए कृपया इसे याद रखें, अन्यथा हम सरकार के अच्छे कल्याणकारी कार्यों की सराहना नहीं कर पाएंगे, चाहे वे राज्य सरकार के हों या केंद्र सरकार के।''

## चंद्रमा पर बर्फ पूर्व के अनुमानों की तुलना में कहीं अधिक स्थानों पर मौजूद हो सकती है

**नयी दिल्ली :** चंद्रयान-3 मिशन के दौरान एकत्र किए गए आंकड़ों के अध्ययन से पता चला है कि पूर्व के अनुमानों की तुलना में चंद्रमा के ध्रुवों पर अधिक स्थानों पर सतह के ठीक नीचे बर्फ मौजूद हो सकती है। अहमदाबाद स्थित भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के संकाय सदस्य एवं प्रमुख लेखक दुर्गा प्रसाद करणम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि सतह के तापमान में बड़े, लेकिन अत्यधिक स्थानीय परिवर्तन सीधे बर्फ के निर्माण को प्रभावित कर सकते हैं और इन बर्फ कणों को देखने से ''उनके उद्गम एवं इतिहास के बारे में अलग-अलग कहानियां सामने आ सकती हैं।'' उन्होंने कहा, ''इससे हमें यह भी पता चल सकता है कि समय के साथ बर्फ कैसे जमा हुई और चंद्रमा की सतह पर कैसे पहुंची, जिससे इस प्राकृतिक उपग्रह की शुरुआती भूगर्भीय प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी मिल सकती है।'' इससे संबंधित निष्कर्ष पत्रिका 'कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट' में प्रकाशित हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा बेंगलुरु से प्रक्षेपित चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास 'सॉफ्ट लैंडिंग' की थी। इसके तीन दिन बाद 26 अगस्त को 'लैंडिंग' स्थल का नाम 'शिव शक्ति पॉइंट' रखा गया। चंद्रमा पर बर्फ के पानी में बदलने की संभावना के बारे में 'पीटीआई-भाषा' के सवाल के जवाब में करणम ने कहा, चंद्रमा की सतह पर अत्यधिक उच्च निर्वात के कारण तरल रूप में पानी मौजूद नहीं रह सकता।

## देहरादून में 15 अपंजीकृत मदरसे सील

**देहरादून :** देहरादून जिले में बिना पंजीकरण संचालित किए जा रहे मदरसों के खिलाफ कार्रवाई करने के जिला प्रशासन के आदेश के बाद 15 मदरसों को सील कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जिले में सील किए गए मदरसे उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद से संबद्ध नहीं थे और उनके नक्शे भी मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) से स्वीकृत नहीं थे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने मदरसों को सील करने का आदेश पारित किया और संबंधित अधिकारियों ने उसका पालन किया। बंसल ने बताया कि जिले में इस तरह के करीब 60 मदरसे हैं। कुछ मदरसों के परिषद से संबद्ध न होने, उनके वित्त पोषण के स्रोतों के संदिग्ध होने तथा राज्य के बाहर के छात्रों के नाम भी वहां पंजीकृत होने संबंधी खबरें सामने आई थीं जिसके बाद जनवरी में नगर निकाय चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इसके सत्यापन के लिए अभियान चलाया गया था। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने राज्य सरकार की इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि मदरसों का पंजीकरण उनमें पढ़ने वाले बच्चों की बेहतरी के लिए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में सबको साथ लेकर चलने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सभी मदरसों में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) का पाठयक्रम शुरू किया गया है जिससे सब बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ ही मुख्य धारा की शिक्षा भी मिल रही है।

## कर्नाटक में लोकायुक्त के छापों में आठ सरकारी अधिकारियों की 36.53 करोड़ की संपत्ति का पता चला

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में लोकायुक्त के जांच दलों ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में बृहस्पतिवार को आठ सरकारी अधिकारियों से संबंधित परिसरों पर छापे मारे। छापेमारी में 36.53 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता चला, जिसमें 26.47 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति, 3.73 करोड़ रुपये के आभूषण और 3.08 करोड़ रुपये के वाहन आदि शामिल हैं। लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार, बेंगलुरु, कोलार, तुमकुरु, कलबुर्गी, विजयपुरा, दावणगेरे और बागलकोट जिलों में आरोपी अधिकारियों से संबंधित 40 परिसरों की तलाशी ली गयी। जिन अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई उनमें बेंगलुरु में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग में 'ग्रुप ए' के तहत मुख्य अभियंता टी डी नंजुंदप्पा, बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका में गुणवत्ता नियंत्रण एवं गुणवत्ता आश्वासन, राजमार्ग इंजीनियरिंग 'ग्रेड-1' के कार्यकारी अभियंता एच. बी. कल्लेशप्पा, कोलार में सहायक कार्यकारी अभियंता जी नागराज, कलबुर्गी में परियोजना कार्यान्वयन इकाई के जगन्नाथ, दावणगेरे में स्वास्थ्य विभाग में खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता इकाई के जिला सांख्यिकी अधिकारी जी. एस. नागराजू शामिल हैं।

## एनआरआई और अमेरिकी नागरिकों से धोखाधड़ी में शामिल फर्जी कॉलसेंटर का हैदराबाद में भंडाफोड़

**हैदराबाद :** तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी)ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी कि उसने हाई-टेक सिटी में फर्जी कॉल सेंटर के जरिये बड़े पैमाने पर हो रही साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया है और मामले में 63 लोगों को गिरफ्तार किया है। करने की घोषणा की। टीजी-सीएसबी की निदेशक शिखा गोयल के मुताबिक संदिग्ध लोग अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने वाली एक्सिटो सॉल्यूशंस नाम से संचालित फर्जी कॉल सेंटर में कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने देर रात फर्जी बीपीओ पर छापा मारा और साइबर अपराधों में उसकी संलिप्तता का खुलासा किया। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो ने फर्जी कॉल सेंटर के प्रबंध निदेशक और टेलीकॉलर (फोन से बात करने वाले)सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कॉल सेंटर इस साल जनवरी से संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी, एक्सिटो सॉल्यूशंस में टेलीकॉलर के रूप में काम करते थे और पीड़ितों को धोखा देने के लिए खुद को एक अमेरिकी ऑनलाइन भुगतान गेटवे सेवा प्रदाता का ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बताते थे। टीजीसीएसबी ने एक विज्ञप्ति ने इन आरोपियों के काम करने के तरीके के बारे में बताया कि वे उन्नत सॉफ्टवेयर की मदद से फर्जी कॉल करते थे और फिर वायरस युक्त संदिग्ध ईमेल भेजते थे। फर्जीवाड़ा से हुए नुकसान के बारे में पूछे जाने पर एक पुलिस अधिकारी ने बताया,''कुल नुकसान का पता लगाने के लिए जांच जारी है, क्योंकि सभी पीड़ित अमेरिका में हैं और ठगी गई रकम अमेरिकी खातों में जमा की गई है।'' पुलिस ने बताया कि प्रत्येक टेलीकॉलर रोजाना औसतन 30-40 लोगों से संपर्क करता था।

## महिलाओं को दिल्ली सरकार की 2,500 रुपये की मासिक सहायता योजना कल से हो सकती है शुरू

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में भाजपा सरकार की महिला समृद्धि योजना आठ मार्च से शुरू होने की उम्मीद है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में 21-60 वर्ष आयु वर्ग की वे महिलाएं जिनकी वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है, उन्हें योजना प्रस्ताव के तहत 2,500 रुपये की मासिक सहायता मिलेगी। योजना से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के मुख्य सचिव की उपस्थिति में एक बैठक में पात्रता मानदंडों पर चर्चा की गई। यह योजना विधानसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी वादा था। अधिकारी ने बताया, ''महिला समृद्धि योजना के तहत पंजीकरण के लिए पात्र महिलाओं की आय सीमा 2.5 लाख रुपये होगी। हमने योजना का मसौदा तैयार कर लिया है, जिसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल की बैठक में पेश किया जाएगा।'' उन्होंने बताया कि मसौदा स्वीकृत होने के बाद पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और सत्तारूढ़ पार्टी के वरिष्ठ नेता आठ मार्च के कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे, जहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को 2,500 रुपये प्रदान करने की योजना का ऑनलाइन पंजीकरण और कुछ लाभार्थियों को प्रतीकात्मक भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम आठ मार्च को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

## ऐसे समाज की जरूरत, जहां किसी को भी लिंग, जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव महसूस न हो: गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में एक ऐसे समाज की जरूरत है जहां किसी को भी लिंग, जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव महसूस न हो। गडकरी ने आठ मार्च को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले समाज में असामान्य योगदान देने वाली महिलाओं को 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला सम्मान' प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। गडकरी ने कहा, ''हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जहां किसी को जाति, लिंग, धर्म या सामाजिक स्थिति के आधार पर नहीं आंका जाए, बल्कि उनकी प्रतिभा और योगदान के आधार पर आंका जाए।''




यह पुरस्कार मुंबई स्थित कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट प्रदान करता है। गडकरी ने कहा कि दुनिया अब बदल गई है और महिलाओं को अपने लिंग के आधार पर सीमित महसूस नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''जहां योग्यता मौजूद है, वहां महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वालों में 75 प्रतिशत महिलाएं हैं।'' केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने महिला सशक्तीकरण और पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा द्वारा इस संबंध में की गई प्रगति के बारे में बात की। उन्होंने याद किया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने महिलाओं के संबंध में राज्य में व्याप्त गहरी वर्जनाओं को देखा। खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल हरियाणा में महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, राज्य में महिलाओं के लिए समर्पित 30 पुलिस थाने स्थापित किए गए थे और इन सभी थानों का प्रबंधन महिला अधिकारियों द्वारा किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी परेशानियों को आसानी से प्रस्तुत कर सकें।

## चलती ट्रेन से फेंका कचरा, चली गई नौकरी

**नयी दिल्ली :** चलती ट्रेन से ट्रैक पर कूड़ा फेंकने वाले सफाई कर्मी का वीडियो जब सोशल मीडिया पर आया तो रेलवे ने मामले की पूरी जांच की। चलती ट्रेन से कूड़ा फेंकने वाले कर्मचारी की पहचान कंचन लाल के रूप में हुई। ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी के खिलाफ रेलवे ने कड़ा एक्शन लिया। कंपनी को सफाई कॉन्ट्रैक्ट के पारा 9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। इसके लिए प्रयागराज मंडल द्वारा ठेकेदार पर 25000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में इस प्रकार की गलती होती है तो और अधिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर कंपनी ने रेलवे को सफाई में कहा कि 28 फरवरी को गाड़ी संख्या 04115 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक स्पेशल में कंचनलाल की ड्यूटी



लगाई गई थी। उसे ट्रैक पर कचरा न फेंकने संबंधी हिदायत भी दी गई थी। लेकिन उसने काम पर लापरवाही बरती। इसके बाद सोशल मीडिया पर ए शिकायत के आधार पर उसे ड्यूटी से हटा लिया गया है।रेलवे ने ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सुविधा उपलब्ध कराने वाली सभी कंपनियों को निर्देश दिया है कि सभी कर्मचारियों को इधर-उधर कूड़ा निस्तारण न करने और चलती ट्रेन से कचरा न फेंकने के संबंध में प्रशिक्षित करें, कचरा कलेक्ट करने के लिए उन्हें बड़ा बैग दें और सारे कचरे को इकट्ठा करके नामांकित स्टेशन अथवा गाड़ी के समापन वाले स्टेशन पर गार्बेज कलेक्शन पॉइंट में जमा करें।

# मिलर ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर सवाल उठाए

**लाहौर :** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुबई से लौटने के बाद लाहौर में दूसरा सेमीफाइनल खेलना उनकी टीम के लिए आदर्श स्थिति नहीं थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई थी। कराची में ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलने के तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम को अगली सुबह तड़के दुबई के लिए उड़ान पकड़नी पड़ी। हाइब्रिड मॉडल पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए ग्रुप चरण के मैच के परिणाम आने तक



दुबई में डेरा डालना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी से शीर्ष स्थान पर रहा था और भारत के ग्रुप ए में चोटी पर रहने के कारण उसे सेमीफाइनल खेलने के लिए वापस पाकिस्तान लौटना पड़ा। इस मैच में नाबाद शतक जड़ने वाले मिलर ने कहा, ''यह भले ही एक घंटे और 40 मिनट की उड़ान है लेकिन कहने का मतलब यह है कि हमें ऐसा करना पड़ा। मैच के तुरंत बाद अगली सुबह हमें तड़के विमान पकड़ना पड़ा ताकि हम सही समय पर दुबई पहुंच सकें।'' ईएसपीएनक्रिकइंफो ने मिलर के हवाले से कहा, ''और सुबह 7.30 बजे हमें वापस आना पड़ा। यह अच्छी स्थिति नहीं थी। ऐसा नहीं है कि हमने पांच घंटे की उड़ान भरी और हमारे पास मैच के लिए पूरी तरह तैयार होने के लिए पर्याप्त समय था। लेकिन फिर भी यह कोई आदर्श स्थिति नहीं थी।'' मिलर की यह टिप्पणी उनके साथी रासी वान डेर डुसेन के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने अपने सभी मैच एक ही स्थान पर खेलने से भारत को फायदा होने का जिक्र किया था। मिलर ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले फाइनल मुकाबले के बारे में कहा, '' दोनों ही बहुत अच्छी टीम हैं। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि उनकी टीम कितनी अच्छी है। वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और उनके पास वास्तव में कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। यह शानदार मुकाबला होगा।''

## सुनील छेत्री 40 साल की उम्र में संन्यास से वापसी करेंगे

**नयी दिल्ली :** भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री ने इस महीने होने वाले फीफा के मैत्री मैचों में मुश्किलों से घिरी राष्ट्रीय टीम की मदद के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करने का फैसला किया है। देश में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एआईएफएफ ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा, ''सुनील छेत्री वापस आ गए हैं। कप्तान, नेतृत्वकर्ता, दिग्गज खिलाड़ी मार्च में फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के लिए भारतीय राष्ट्रीय टीम में वापसी करेगा।'' छेत्री ने यह कदम अपने शानदार करियर के बाद संन्यास की घोषणा के एक साल से भी कम समय के भीतर उठाया है। उनके संन्यास से राष्ट्रीय टीम में एक बड़ा खालीपन पैदा हो गया है जिसे अभी भरा जाना बाकी है। शिलांग का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम भारतीय सीनियर पुरुष टीम के दो मैचों की मेजबानी करेगा जो इस महीने फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए तय समय) के दौरान खेले जाएंगे।

## विष्णु सरवनन 13वें स्थान के साथ सेलिंग विश्व रैंकिंग में शीर्ष भारतीय बने

**नयी दिल्ली :** भारत के विष्णु सरवनन हाल में जारी विश्व सेलिंग (पाल नौकायन) रैंकिंग में 13वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी बने। हांगझोउ एशियाई खेलों की पुरुष डिंगी आईएलसीए7 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले 26 साल के सरवनन ने 776 अंक के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग हासिल की जो किसी भी भारतीय सेलर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। भारतीय खेल प्राधिकरण ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ''विष्णु सरवनन ने पुरुष आईएलसीए7 वर्ग में करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं विश्व रैंकिंग हासिल की, वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय सेलर हैं।'' तमिलनाडु के रहने वाले सेना के सरवनन ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए सेलिंग में पहला कोटा हासिल किया था।

## भारत को सतह का पता है, लेकिन हम चुनौती के लिए तैयार: सेंटनर

**दुबई :** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने बृहस्पतिवार को स्वीकार किया कि यहां डीआईसीएस में धीमी पिच से भारत अच्छी तरह परिचित है लेकिन साथ ही कहा कि उनकी टीम चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में 'चुनौती' के लिए तैयार है। न्यूजीलैंड की टीम नौ मार्च को भारत के खिलाफ होने वाले फाइनल के लिए बृहस्पतिवार को शाम को यहां पहुंची। सेंटनर ने यहां पहुंचने के बाद कहा, ''उन्होंने अपने सभी मैच दुबई में खेले हैं और वे उस सतह को जानते हैं। बेशक, पिच कुछ हद तक तय करेगी कि हम कैसे खेलना चाहते हैं। यह लाहौर में मिली पिच से थोड़ी धीमी हो सकती है। लेकिन हम संघर्ष के लिए तैयार हैं।'' हालांकि सेंटनर ने कहा कि न्यूजीलैंड ग्रुप चरण के दौरान भारत के खिलाफ यहां खेलने के अपने अनुभव से कुछ सांत्वना ले सकता है। ग्रुप ए के मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया था जो महज औपचारिकता का मुकाबला था। सेंटनर ने कहा, ''हम एक अच्छी टीम के खिलाफ खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि हम उनके खिलाफ पिछले मुकाबले की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। हम थोड़ी लय में हैं। उम्मीद है कि यह जारी रहेगा।'' न्यूजीलैंड को अपने



आखिरी ग्रुप मैच, सेमीफाइनल और फाइनल के लिए थोड़े समय में ही पाकिस्तान और दुबई के बीच यात्राएं करनी पड़ी लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर सेंटनर ने कहा कि टीम ने पिछले कुछ दिनों में व्यस्त कार्यक्रम के साथ तालमेल बिठा लिया है। उन्होंने कहा, ''यह इस टूर्नामेंट का सामान्य अनुभव है, बहुत यात्रा करनी पड़ी। यह सब चुनौती का हिस्सा है। मुझे लगता है कि हम यहां हर जगह की यात्रा कर चुके हैं।'' सेंटनर ने कहा, ''बेशक, पाकिस्तान और दुबई में। मुझे लगता है कि खिलाड़ी समझते हैं कि यह इन दिनों खेल का हिस्सा है। जब तक आप मैच के लिए तैयार हैं, तब तक सब ठीक है।''

## हमें दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा: रचिन रविंद्र

**लाहौर :** न्यूजीलैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए उनकी टीम को दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में केवल एक मैच भारत के खिलाफ खेला था और उसने अपने बाकी मैच पाकिस्तान में खेले। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दो मैच लाहौर में खेले थे। दूसरी तरफ भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और वह वहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है। रविंद्र ने कहा, ''हम दुबई की पिच के बारे में बहुत अधिक नहीं जानते। हमने भारत के खिलाफ वहां एक मैच खेला और तब गेंद काफी टर्न ले रही जबकि एक अन्य मैच में हमने देखा कि गेंद बहुत अधिक टर्न नहीं कर रही थी। हमने परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर उसी की तरह अपना खेल खेला और रविवार को हमें फिर से ऐसा करना होगा।''

## आईएमएल : तेंदुलकर का अर्धशतक बेकार गया, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

**वडोदरा :** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की 64 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने यहां अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) मुकाबले में भारत को 95 रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। तेंदुलकर ने 33 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई पारी भी भारत लिए काम नहीं आ सकी और 270 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 20 ओवर में 174 रन पर ढेर हो गई। यूसुफ पठान ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह प्रदर्शन शानदार रहा, जिसमें कप्तान शेन वॉटसन (नाबाद 110) और बेन



डंक (नाबाद 132) ने दूसरे विकेट के लिए 236 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 269 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम के कप्तान तेंदुलकर ने अपनी टीम के लिए अकेले संघर्ष किया और विकेट के दोनों ओर शानदार शॉट लगाए लेकिन उनका ही प्रयास काफी नहीं था। तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का डटकर सामना करते हुए 27 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

## दक्षिण अफ्रीका के कोच ने कहा, सही राह पर आगे बढ़ रही है हमारी टीम

दक्षिण अफ्रीका की टीम आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में फिर से नॉकआउट चरण में बाहर हो गई लेकिन उसके मुख्य कोच रॉब वाल्टर का मानना है कि 2027 में घरेलू धरती पर होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनकी टीम सही राह पर आगे बढ़ रही है। अपने ग्रुप में शीर्ष पर टीम रही दक्षिण अफ्रीका की टीम बुधवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई। वाल्टर ने कहा कि इस हार के बावजूद उनकी टीम के लिए इस प्रतियोगिता में कई सकारात्मक चीजें भी रहीं।

## गुजरात जायंट्स की निगाहें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ पर




**लखनऊ :** लगातार दो जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत करने के बाद गुजरात जायंट्स शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेगी। गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल अंक तालिका में सबसे नीचे थी लेकिन दो बड़ी जीत (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर छह विकेट से और यूपी वॉरियर्स के खिलाफ 81 रन से) ने उसे पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। गुजरात जायंट्स के छह मैच में छह अंक हैं और उसके पास दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से आगे बढ़ने का बेहतरीन मौका होगा जो 10 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर काबिज है। दिल्ली कैपिटल्स पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। वह जीत दर्ज कर अपने अंक 12 तक ले जाने के अलावा फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अपने नेट रन रेट को भी बेहतर करना चाहेगी। गुजरात जायंट्स के लिए आखिरकार चीजें सही हो रही हैं जिसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सभी मुश्किलों के बावजूद कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में जीत दर्ज की जिसमें कप्तान एशले गार्डनर (नाबाद 58) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 30) ने अहम भूमिका निभाई। इसके बाद जायंट्स ने बेथ मूनी के नाबाद 96 रन और अपने गेंदबाजों के सामूहिक प्रदर्शन की बदौलत पिछले मैच में यूपी वॉरियर्स को 81 रन से रौंद दिया।

इस बड़ी जीत ने उसके तालिका में स्थान में ही सुधार नहीं किया बल्कि उनका नेट रन रेट भी –0.450 से बेहतर कर 0.357 कर दिया जो तीसरे स्थान पर रहने वाली मुंबई इंडियंस (0.166) से बेहतर है।

## भारत महिला विश्व कप से पहले श्रीलंका में वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगा

**कोलंबो :** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को कहा कि 27 अप्रैल से 11 मई तक वह महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा, जिसमें मेजबान देश के अलावा दो अन्य टीम भारत और दक्षिण अफ्रीका होंगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला इस साल के अंत में भारत में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। श्रीलंका बोर्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीनों प्रतिस्पर्धी टीमें चार–चार मैच खेलेंगी और टूर्नामेंट का आयोजन यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी।

## चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए रीफेल, इलिंगवर्थ होंगे मैदानी अंपायर

**दुबई :** ऑस्ट्रेलिया के पॉल रीफेल और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए मैदानी अंपायर होंगे जबकि श्रीलंका के रंजन मदुगले मैच रेफरी होंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रीफेल (58 वर्ष) लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के सेमीफाइनल के दौरान मैदानी अंपायरों में से एक थे। इंग्लैंड के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर 61 वर्षीय इलिंगवर्थ दुबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के अंतिम–चार मुकाबले का हिस्सा थे। चार बार के 'आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर' रह चुके इलिंगवर्थ भारत में 2023 वनडे विश्व कप और अमेरिका में 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में भी अंपायर रहे थे।



# इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल पर 67 रुपये प्रति घंटे की दर पर जीपीयू उपलब्ध होंगे: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल पर जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) 67 रुपये प्रति घंटे की दर से उपलब्ध होंगे। वैष्णव ने देश में कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए अनुकूल हालात बनाने के लिए शुरू किए गए इंडियाएआई मिशन की पहली वर्षगांठ पर इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल और डेटासेट मंच एआईकोष सहित कई पहल की शुरुआत की। इनका उद्देश्य एआई तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना और नवाचार को आगे बढ़ाना है। इंडियाएआई कंप्यूट




पोर्टल छात्रों, स्टार्टअप, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और सरकारी विभागों को 18,000 से अधिक जीपीयू, क्लाउड स्टोरेज और अन्य एआई सेवाओं तक पहुंच प्रदान करेगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''आज हमारे पास 14,000 जीपीयू के लिए एक समान कंप्यूटिंग सुविधा है, जो हमारे लक्ष्य से कहीं अधिक है। हमने 10,000 जीपीयू का लक्ष्य रखा था। हमारे पास पहले से ही 14,000 जीपीयू मौजूद हैं और अभी 4,000 अन्य निर्माणाधीन हैं। आगामी तिमाहियों में और भी बहुत कुछ आएगा।'' उन्होंने बताया कि इन जीपीयू का उपयोग करने की लागत ऐतिहासिक रूप से बेहद कम महज 67 रुपये प्रति घंटे है। इससे स्टार्टअप, एप्लिकेशन डेवलपर, शोधकर्ताओं और छात्रों को बहुत फ़ायदा होगा। वैष्णव ने कहा कि इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल का उपयोग भारत के अपने आधारभूत मॉडल को विकसित करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के अपने आधारभूत मॉडल के लिए तैयारी अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है और इसके लिए कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने भारत के किफायती चंद्र अभियान का हवाला देते हुए कहा कि आधारभूत एआई मॉडल के लिए भी यही तरीका अपनाया जाएगा और भारत इसे अन्य देशों की तुलना में बहुत कम लागत पर बनाएगा।

## मजबूत वैश्विक रुख, रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से सेंसेक्स 610 अंक चढ़कर 74,000 अंक के पार

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 610 अंक चढ़कर 74,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 22,500 अंक के ऊपर पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में कमी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर रुख नरम होने के बाद वैश्विक बाजारों में मजबूती से स्थानीय बाजार बढ़त में रहा। शुरुआती गिरावट से उबरते हुए, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 609.86 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 74,340.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 660.57 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 207.40 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी एक समय 219.15 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान




यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, जोमैटो, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कमजोर डॉलर सूचकांक के बीच कनाडा और मेक्सिको के वाहन विनिर्माताओं पर डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर नरम रुख के बाद सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू बाजार में मजबूती आई।'' नायर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और चीन में आगे आर्थिक प्रोत्साहन से प्रभावित होकर ऊर्जा और धातु क्षेत्रों में तेजी रही। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.63 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.65 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। बीएसई में 3,007 शेयरों में तेजी आई, जबकि 989 नुकसान में रहे। 107 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,53,808.84 करोड़ रुपये चढ़कर 3,97,57,850.59 करोड़ रुपये (4,570 अरब डॉलर) पर पहुंच गया। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, ''मानक सूचकांकों में सकारात्मक तेजी जारी रही। विभिन्न क्षेत्रों में तेल एवं गैस तथा धातु सूचकांकों में दो प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जबकि आईटी तथा रियल्टी शेयरों में कारोबार के दौरान मुनाफावसूली देखी गई।''

## रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 87.12 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** व्यापार शुल्कों को लेकर अनिश्चितता और विदेशी कोषों की सतत निकासी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपये में तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और यह छह पैसे के नुकसान के साथ 87.12 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रुपये में गिरावट कई कारकों से प्रभावित हुई, जिसमें क्षेत्रीय मुद्राओं का कमजोर होना, विदेशी निवेशकों का बिकवाली दबाव और वैश्विक जिंस कीमतों में सुधार शामिल है, जिससे स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.96 पर मजबूत खुला और दिन के कारोबार में 86.86 प्रति डॉलर की ऊंचाई को छू गया। बाद में रुपये में उतार–चढ़ाव देखने को मिला।

## त्योहारों, व्यस्त समय में हवाई किराये में बेतहाशा वृद्धि स्वीकार्य नहीं: पीएसी प्रमुख वेणुगोपाल



**नयी दिल्ली :** संसद की लोक लेखा समिति के चेयरमैन के सी वेणुगोपाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि त्योहारों और अधिक मांग वाले समय में हवाई किराये में बेतहाशा वृद्धि किसी भी तरह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने विमानन नियामक डीजीसीए से हवाई टिकट की दरों में इस तरह की बढ़ोतरी को नियंत्रित करने का आग्रह भी किया। संसदीय समिति के सदस्यों के साथ दिल्ली हवाई अड्डे का दौरा करने के बाद वेणुगोपाल ने हवाई अड्डों पर लिए जाने वाले उपयोगकर्ता विकास शुल्क में वृद्धि पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति इस मुद्दे की गहन जांच करेगी। आईजीआईए के अलावा समिति के सदस्यों ने राष्ट्रीय राजधानी में खेड़की दौला टोल प्लाजा और द्वारका एक्सप्रेसवे का भी दौरा किया और संबंधित अधिकारियों के साथ बातचीत की। वेणुगोपाल ने हवाई अड्डे के दौरे के बाद 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत में कहा, हमने जो सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया, वह त्योहारों और अधिक मांग के दौरान टिकट दरों में अत्यधिक वृद्धि के बारे में है जो बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं हैं। डीजीसीए को इसे नियंत्रित करना होगा। किराये में अत्यधिक वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए प्रावधान हैं।

## गडकरी ने बढ़ते सड़क हादसों के लिए दोषपूर्ण डीपीआर और डिजायन को जिम्मेदार ठहराया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और इनमें होने वाली जनहानि के लिए सिविल इंजीनियरों और सलाहकारों द्वारा तैयार की गई दोषपूर्ण विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और दोषपूर्ण सड़क डिजायन को जिम्मेदार ठहराया। ग्लोबल रोड इन्फ्राटेक समिट एंड एक्सपो (जीआरआईएस) को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा उपायों में तत्काल सुधार की जरूरत है। गडकरी ने कहा, देश में अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लोगों की छोटी–छोटी गलतियों, दोषपूर्ण डीपीआर के कारण होती हैं और इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता। मंत्री ने सड़क निर्माण उद्योग से नई प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ पुनर्चक्रणीय निर्माण सामग्री को अपनाकर सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए रणनीति विकसित करने का भी आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत में सड़क पर निर्देश–पट्टिका और चिह्न प्रणाली जैसी छोटी–छोटी चीजें भी बहुत खराब हैं। हमें स्पेन, ऑस्ट्रिया और स्विटजरलैंड जैसे देशों से सीखने की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि भारत में सबसे खराब गुणवत्ता वाली डीपीआर बनाई जाती है। उन्होंने खराब योजना और डिजायन के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि के लिए बड़े पैमाने पर इंजीनियरों को जिम्मेदार ठहराया।

## सक्रिय उधारकर्ताओं की वृद्धि में महिलाएं 2024 में पुरुषों से आगे निकलीं: रिपोर्ट

**मुंबई :** पिछले कैलेंडर वर्ष में सक्रिय उधारकर्ताओं की वृद्धि के मामले में महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। एक क्रेडिट सूचना कंपनी की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले आई रिपोर्ट में सीआरआईएफ हाई मार्क ने कहा कि महिलाओं ने ऋण प्रतिबद्धताओं के बेहतर पुनर्भुगतान के माध्यम से संपत्ति की गुणवत्ता में भी पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट कहती है कि सक्रिय ऋण वाली महिला उधारकर्ताओं की संख्या दिसंबर, 2024 तक 10.8 प्रतिशत बढ़कर 8.3 करोड़ हो गई। यह पुरुषों के मामले में दर्ज 6.5 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाएं कर्ज चुकाने के मामले में पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। सोने के बदले लिए जाने वाले कर्ज और दोपहिया वाहनों पर कर्ज को छोड़कर अधिकांश ऋण उत्पादों में महिलाएं कहीं बेहतर उधार व्यवहार प्रदर्शित कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी–दिसंबर, 2024 के दौरान आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, कृषि एवं ट्रैक्टर कर्ज, संपत्ति ऋण और शिक्षा ऋण में महिलाओं के व्यवहार में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। महिलाओं ने पुरुषों के उलट टिकाऊ उपभोक्ता ऋण के मामले में भी सुधार दिखाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी ऋणदाताओं ने 2024 में महिलाओं को ऋण देने में अधिक सहजता दिखाई। वर्ष 2024 के अंत में महिला कर्जदारों का बकाया पोर्टफोलियो 18 प्रतिशत बढ़कर 36.5 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि कर्जदारों की संख्या में उनकी हिस्सेदारी लगभग 24 प्रतिशत पर स्थिर रही।

वर्ष 9, पूर्णांक 4169 अंक 319, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in